सत्यता और निष्पक्षता के साथ नई बुलंदियों पर

NNI हर खबर पर पक्की नजर

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

कर्तव्यपथ पर चतुर्थ वर्ष

www.nnindianews.com

वर्ष :04, अंक :-348, पृष्ठ : 12 | शुक्रवार, 27 जून, 2025 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

# पुरी में उमड़ी आस्था

## जगन्नाथ रथ यात्रा में पहुंचे देशभर से श्रद्धालु



**पुरी।** ओडिशा के पुरी में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा की शुरूआत हो रही है। यह भव्य यात्रा पुरी के जगन्नाथ मंदिर से शुरू होकर गुंडिचा मंदिर तक जाती है। जगन्नाथ रथ यात्रा में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा है। 12 दिन चलने वाली रथ यात्रा को लेकर भक्त उत्साहित हैं। वहीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पीएम नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को जगन्नाथ रथ यात्रा की शुभकामनाएं दीं।



**पुरी के जगन्नाथ मंदिर में पहांडी अनुष्ठान शुरू**

पुरी के जगन्नाथ मंदिर में पहांडी अनुष्ठान शुरू हुआ। इसमें भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ को रथ यात्रा के लिए 12वीं सदी के मंदिर से उनके संबंधित रथों तक जुलूस के रूप में ले जाया गया। अनुष्ठान एक घंटे देरी से शुरू हुआ और तीन घंटे तक चलेगा। पहांडी में त्रिदेवों भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ को जुलूस के रूप में सिंह द्वार के सामने खड़े उनके रथों तक ले जाया जाता है। जहां से उन्हें श्री गुंडिचा मंदिर ले जाया जाता है। घंटियां, शंख और झांझ बजाते हुए चक्रराज सुदर्शन को सबसे पहले मुख्य मंदिर से बाहर लाया गया और देवी सुभद्रा के 'दर्पदलन' रथ पर बैठाया गया। पंडित सूर्यनारायण रथशर्मा ने बताया कि सुदर्शन भगवान विष्णु का चक्र अस्त्र है, जिनकी पूजा पुरी में भगवान जगन्नाथ के रूप में की जाती है। सुदर्शन के पीछे भगवान जगन्नाथ के बड़े भाई भगवान बलभद्र थे। भगवान बलभद्र अपने तालध्वज रथ पर विराजमान हैं। जब भगवान जगन्नाथ मंदिर से बाहर आए, तो ग्रैंड रोड पर भावनाओं का सैलाब उमड़ पड़ा, क्योंकि भक्तों ने हाथ उठाकर 'जय जगन्नाथ' का नारा लगाया।

**10 से 12 लाख लोगों के जुटने की संभावना**

पुरी में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा को लेकर ओडिशा के एडीजी एलएंडओ संजय कुमार ने कहा कि हमारा अनुमान है कि आज यहां 10 से 12 लाख लोग जुटेंगे। यहां भीड़ प्रबंधन की व्यवस्था की गई है। पूरे शहर को सुरक्षा कवर जोन में बदल दिया गया है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद हमें खुफिया जानकारी मिली कि कुछ असामाजिक और राष्ट्र विरोधी तत्व गड़बड़ी पैदा करने का प्रयास कर सकते हैं। इसे रोकने के लिए पूरी तरह से योजना बनाई है और स्थिति पर नियंत्रण बनाए हुए हैं। कई वरिष्ठ अधिकारी और 200 से अधिक ओडिशा पुलिस प्लाटून यहां तैनात किए गए हैं।

आरएएफ की तीन कंपनियों सहित सीएपीएफ की 8 कंपनियां तैनात की गई हैं। एनएसजी, एनएसजी स्नाइपर्स, सीओएसजी कोस्ट गार्ड ड्रोन और एंटी-ड्रोन सिस्टम सहित कई जीओआई तकनीकी टीमें ओडिशा पुलिस के साथ सहयोग कर रही हैं। इसके अलावा, कैनाइन टीम और ओडिशा की एंटी-सैबोटेज यूनिट जैसी विशेष इकाइयां सहायता के लिए यहां मौजूद हैं।

## अहमदाबाद जगन्नाथ रथयात्रा में हाथी बेकाबू



अहमदाबाद में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा में शुक्रवार सुबह 10 बजे एक हाथी बेकाबू हो गया। इसके बाद रथ यात्रा में भगदड़ सी मच गई। लोग इधर-उधर भागते दिखे। रथ यात्रा में 17 हाथियों के ग्रुप में सबसे आगे चल रहा था। वन विभाग के अमले ने काबू किया। फिलहाल रथ यात्रा से 3 हाथियों को हटा दिया गया है, जिसमें दो मादा हाथी और एक नर हाथी शामिल है। अब 17 में से 14 हाथी रथ यात्रा में शामिल होंगे। इन 3 हाथियों को अब रथ यात्रा में साथ नहीं ले जाया जाएगा। रथ यात्रा जमालपुर स्थित मंदिर से शुरू होकर शाम तक इसी मंदिर लौटेगी। अहमदाबाद में जगन्नाथ यात्रा सुबह 7 बजे शुरू हुई थी। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने पाहिंद विधि कर रथ यात्रा की शुरूआत की।

## हिंदी भाषा के मुद्दे पर 5 जुलाई को साथ आएंगे उद्धव और राज

**मुंबई।** अलग-थलग पड़े चचेरे भाइयों के बीच सुलह का एक बड़ा संकेत मिल रहा है। बताया जा रहा है कि उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) और राज ठाकरे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) 5 जुलाई को मुंबई में एक संयुक्त मार्च निकालने जा रहे हैं। पहले योजना थी कि दोनों ही दल अलग-अलग मार्च निकालेंगे, लेकिन अब राज्य पर हिंदी थोपे जाने के विरोध में दोनों ने साथ आने का फैसला किया है। शिवसेना (यूबीटी) सांसद ने कहा कि हम हिंदी के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन इसे जबरन लागू नहीं किया जाना चाहिए। उद्धव ठाकरे ने भी राज ठाकरे का रुख अपनाया है। 5 जुलाई को एक रैली होगी। हम इस बात पर चर्चा करेंगे कि रैली कहां होगी और इसका समय क्या होगा।



## इजरायल ने ईरान को धमकाया, कहा- 'एनरिच यूरेनियम वापस करो '

**तेल अवीव।** इजरायल और ईरान के बीच जंग तो खत्म हो गई है लेकिन स्थिति अब भी तनावपूर्ण बनी हुई है। इजरायल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने बड़ा बयान देते हुए एक तरह से ईरान को चेतावनी दे डाली है। काट्ज ने साफ कहा है कि ईरान को खतरनाक स्तर तक संवर्धित (एनरिच) किए गए यूरेनियम को वापस करना होगा। एनरिच यूरेनियम से ही परमाणु बम बनाया जा सकता है। इजरायल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने कहा है कि अमेरिका और इजरायल की ओर से ईरान को संयुक्त रूप से यह संदेश दिया गया है कि उसे अपना एनरिच यूरेनियम सौंपना होगा।



Govt. Approved Jewellery Valuer

Jewellery At Wholesale Rate

सोने व हीरे एवं कुन्दन के आभूषण

K.B. Jewellers & Sons

BIS hallmarked Gold
Cert. Diamond Jewellery

किनारी बाजार, आगरा संपर्क- 0562-3059723, 2463083

# देश में अब तक 147 एमएम बरसात, 12% ज्यादा

## दिल्ली को छोड़ आज सभी राज्यों में बारिश का अलर्ट, हिमाचल-जम्मू में बादल फटने से 8 की मौत

**नई दिल्ली।** देश में दिल्ली को छोड़कर सभी राज्यों में बारिश हो रही है। अब तक सामान्य से 12.3 फीसदी ज्यादा बारिश हो चुकी है। 26 जून तक देश में सामान्य रूप से 134.3 मिमी होनी चाहिए थी, लेकिन 146.6एमएम हो चुकी है।

इस बीच देश में बारिश के चलते मौतों का आकड़ा भी बढ़ने लगा है। हिमाचल के कुल्लू जिले में बादल फटने से अब तक 5 लोगों की मौत हो गई है। जबकि 7 से ज्यादा लापता हैं। बुधवार को कुल्लू के 5 जगह- जीवा नाला (सैंज), शिलागढ़ (गढ़सा) घाटी, स्त्रो गैलरी (मनाली), होरनगढ़ (बंजार), कांगड़ा और धर्मशाला के खनियारा में बादल फटे थे।

जम्मू-कश्मीर के राजौरी, पुंछ, डोडा और कठुआ जिलों में बादल फटने और तेज बारिश से आई बाढ़ में 2 बच्चों समेत 3 की मौत हो गई है। गुजरात के अहमदाबाद, सूरत और नवसारी जिलों में बीते 2 दिन से तेज बारिश का सिलसिला जारी है। सूरत के बाद अब अहमदाबाद में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। घरों में पानी भर गया है। मौसम विभाग के अनुसार, देश के सभी राज्यों में आज बारिश का अनुमान है। पूर्वी राजस्थान, पश्चिमी मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, गुजरात, मध्य महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटक और केरल में बारिश का ऑरेंज अलर्ट है।



### अगले 2 दिन 23 राज्यों तेज बारिश

मौसम विभाग की लेटेस्ट बुलेटिन के अनुसार, अगले 2 दिन देश के 23 राज्यों में तेज बारिश होगी। इनमें जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, पूर्वी राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, झारखंड, बिहार, केरल, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, मणिपुर, मिजोरम, नगालैंड और त्रिपुरा शामिल हैं।



## हाईवे पर खड़े लोगों को टैंकर ने रौंदा, तीन की मौत

**शाहजहाँपुर।** शाहजहांपुर के मीरानपुर कटरा क्षेत्र में लखनऊ-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर बृहस्पतिवार रात टैंकर की टक्कर लगने से तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में दो लोग बाराबंकी जिले और एक रामपुर का रहने वाला था। हादसे में चार लोग घायल हुए हैं।

मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र में फीलनगर के पास कार में सवार छह लोगों में पांच लोग बाइक सवार दो लोगों से सड़क किनारे खड़े होकर बातचीत कर रहे थे। तभी तेज रफ्तार टैंकर ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। गंभीर रूप से घायल होने पर सभी को सीएचसी में भर्ती कराया गया। सीएचसी में डॉक्टर ने कार सवार योगेश कुमार कुरील (55) निवासी विकास नगर थाना कोतवाली और विवेक मिश्रा ( 35) निवासी आवास विकास कॉलोनी थाना कोतवाली जिला बाराबंकी और बाइक सवार मुबसर अली (40) निवासी रतनपुरा सोमाली थाना आजीवनगर जनपद रामपुर को मृत घोषित कर दिया।



नरेंद्र चौधरी निवासी लखपड़ाबाद कोतवाली, महेश निवासी नाका थाना कोतवाली, शिवकुमार थाना जैदपुर जिला बाराबंकी और जुनैद निवासी रतनपुरा सोमाली थाना अजीबनगर जनपद रामपुर घायल हुए हैं।

पुलिस ने कार, टैंकर और बाइक को अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस के अनुसार, कार सवार नैनीताल जा रहे थे। उनकी कार से बाइक से छू जाने पर दोनों पक्षों में कहासुनी हो रही थी। तभी टैंकर ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया।

## कांवड़ मार्गों पर एंबुलेंस की होगी पर्याप्त व्यवस्था

**लखनऊ।** सावन में शुरू होने वाली कांवड़ यात्रा और अन्य त्योहारों को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। विभाग संवेदनशील कांवड़ मार्गों पर एंबुलेंस की पर्याप्त व्यवस्था रखेगा। स्वास्थ्य उपकेंद्रों व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में उपचार की व्यवस्था के साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में अलग से इमरजेंसी वार्ड बनेंगे।

चिकित्सा, स्वास्थ्य परिवार कल्याण एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने सभी मेडिकल कॉलेजों के प्रधानाचार्य, सीएमओ-सीएमएस को इस संबंध में निर्देश दिया है।

## ईरानी सुप्रीम लीडर खामेनेई को मारना चाहता था इजराइल




### नेतन्याहू के मंत्री बोले- मौका नहीं मिला; अमेरिकी रक्षा मंत्री ने कहा- ईरानी न्यूक्लियर प्रोग्राम तबाह

**तेल अवीव।** इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने गुरुवार को कहा कि इजराइल ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई को खत्म करना चाहता था। काट्ज ने चैनल 13 के साथ एक इंटरव्यू में कहा, 'अगर खामेनेई हमारी पहुंच में होते, तो हम उन्हें मार गिराते।'

काट्ज ने कहा, 'इजराइल खामेनेई को खत्म करना चाहता था, लेकिन ऐसा करने का कोई मौका नहीं था।' काट्ज से जब पूछा गया कि क्या इजराइल ने अमेरिका से इसकी इजाजत मांगी थी, उन्होंने जवाब दिया, 'हमें इन चीजों के लिए किसी की इजाजत की जरूरत नहीं है।'

वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बाद अब अमेरिका के डिफेंस सेक्रेटरी पीट हेगसेथ ने दोहराया है कि 22 जून को उसके हमले से ईरान के न्यूक्लियर ठिकानें पूरी तरह से तबाह हो गए। हेगसेथ ने जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष जनरल डैन केन के साथ डिफेंस डिपार्टमेंट के हेडक्वार्टर पेंटागन में ईरान हमले पर मीडिया को संबोधित किया।

हेगसेथ ने कहा, 'ईरान पर अमेरिका का हमला ऐतिहासिक रूप से सफल हमला था।' हेगसेथ ने उस खुफिया रिपोर्ट की जानकारी देने के लिए पत्रकारों को फटकार लगाई, जिसमें कहा गया था कि ईरान का न्यूक्लियर प्रोग्राम को हमलों से मामूली नुकसान पहुंचा है।

**ईरान के खिलाफ सभी टारगेट हासिल किए**

इजराइली सेना ने कहा है कि उसने ईरान के साथ 12 दिनों तक चले संघर्ष में सभी टारगेट हासिल किए हैं। सेना ने इसे ऑपरेशन राइजिंग लायन नाम दिया था। सेना ने इस ऑपरेशन को साहसी, सटीक और सफल बताया है। आधिकारिक बयान में कहा गया है कि, 12 दिनों के भीतर हमने लक्ष्य पूरे किए और ईरान के अंदर गहराई तक हमला किया।

## देश को खोखला कर रही ट्रम्प सरकारः ओबामा

**वाशिंगटन।** पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने पिछले हफ्ते अमेरिकी राज्य कनेक्टिकट के हार्टफोर्ड शहर में एक कार्यक्रम में भाषण दिया। प्रसिद्ध इतिहासकार हीदर कॉक्स के साथ चर्चा में ओबामा ने देश की मौजूदा राजनीतिक स्थिति पर चिंता जताई और युवाओं से देश को बचाने की अपील की।

ओबामा ने ट्रम्प सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि जो लोग आज अमेरिका की सरकार चला रहे हैं, वे लोकतंत्र के बुनियादी सिद्धांतों को कमजोर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जरूरी है कि सरकार के बाहर और अंदर दोनों जगह से गलत चीजों का विरोध हो। लेकिन अब ऐसा नहीं हो रहा है।




ओबामा ने कहा कि व्यापारिक सौदों में डराया जा रहा है, जो केवल आर्थिक नहीं बल्कि नैतिक रूप से भी खतरनाक है। उन्होंने अपने कार्यकाल की तुलना करते हुए कहा कि चीन की बढ़ती ताकत के बावजूद उन्होंने टैरिफ जैसे उपायों का बेजा इस्तेमाल नहीं किया था, क्योंकि यह अमेरिका की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाता है। उन्होंने ट्रेड वॉर को गलत बताते हुए कहा कि इससे देश की गरिमा खतरे में है। ओबामा ने अमेरिका की तुलना हंगरी जैसे देशों से की, जहां चुनाव तो होते हैं, लेकिन वहां सच में लोगों की आवाज की कद्र नहीं होती और नेता मनमानी करते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अमेरिका भी अब ऐसे ही रास्ते पर बढ़ रहा है, जहां कानून और लोकतंत्र की असली भावना कमजोर हो रही है।ओबामा ने चेतावनी दी कि अमेरिका में भी हालात उस दिशा में बढ़ते दिख रहे हैं। ओबामा ने 2020 के राष्ट्रपति चुनाव का उदाहरण दिया, जिसमें बाइडेन ने जीत हासिल की थी, लेकिन हारने वाले डोनाल्ड ट्रम्प ने धोखाधड़ी के झूठे आरोप लगाए।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक **विवेक खंडेलवाल** मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं **विवेक खंडेलवाल** मैनेजिंग डायरेक्टर बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित
प्रधान संपादक अरविन्द सिंह
RNI Ragistration No UPHIN/2021/88376
निदेशक (वित्त) स्वतंत्र कुमार
E MAIL newsnextindia1@gmail.com
Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )

सत्यता और निष्पक्षता के साथ नई बुलंदियों पर

NNI हर खबर पर पक्की नज़र

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

आगरा ब्रज

शुक्रवार, 27 जून, 2025 www.nnindianews.com



# पुलिया से टकराकर नाले में गिरी बाइक, युवक की मौत

एनएनआई



**मथुरा।** फरह में एक सड़क हादसा हुआ। शेरगढ़ थाना क्षेत्र के स्यारा निवासी 22 वर्षीय मान सिंह की नाले में गिरने से मौत हो गई। घटना रात करीब 10 बजे की है। मान सिंह अपने ननिहाल सुमपुरा गांव से लौट रहे थे। अछनेरा रोड पर घड़ी पचौरी स्थित गोवर्धन ड्रेन की पुलिया से उनकी बाइक टकरा गई।

टक्कर के बाद वह नाले में गिर गए। नाले में गिरा युवा के रात भर ड्रेन के अंदर रहा परिजनों को जैसे ही जानकारी लगे तो वह पुलिस के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और काफी खोजबीन के साथ गुरुवार को उसका सब दरें से बाहर निकाला गया। स्थानीय लोगों को नाले के किनारे लावारिस बाइक मिली। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने बाइक नंबर से परिजनों का पता लगाया। गोताखोरों की मदद से खोजबीन शुरू की गई। गुरुवार दोपहर एक बजे नाले से मान सिंह का शव बरामद हुआ। मृतक के ममेरे भाई सुंदर सिंह ने बताया कि मान सिंह टैक्टर देखने सुमपुरा आए थे। खाना खाने के बाद वह अपनी बहन के घर खैरट जाने की बात कहकर निकले थे। इसके बाद उनसे कोई संपर्क नहीं हो पाया। फरह थाने के प्रभारी निरीक्षक त्रिलोकी सिंह ने बताया कि शव को नाले से निकालकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# 25 हजार का इनामी बदमाश मुठभेड़ में पकड़ा

एनएनआई



**मथुरा।** एसओजी और कोसीकलां पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई में एक शातिर अंतरराज्यीय बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी रोहित पर 25,000 रुपये का इनाम घोषित था। वह गौतमबुद्ध नगर के थाना बीटा-2 में दर्ज गैंगस्टर केस में वांछित था।

रोहित हरियाणा के नूंह मेवात जिले के गांव सिंगार का रहने वाला है। पुलिस ने उसे कोटवन-उमराला मार्ग पर होडल की तरफ से आने वाले नाले की पुलिया के पास से मुठभेड़ के दौरान पकड़ा। मुठभेड़ में वह घायल हो गया। उसके पास से 315 बोर का तमंचा, 3 जिंदा कारतूस, 3 खोखा कारतूस और एक चोरी की अपाचे मोटरसाइकिल बरामद हुई है।

आरोपी ने मई 2022 में अपने साथियों के साथ मिलकर एक व्यक्ति से कार और रुपए लूटे थे। इस मामले में 2024 में थाना बीटा-2 में गैंगस्टर एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था। रोहित तब से फरार चल रहा था।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि रोहित ग्राम कोटवन के बोबी नाम के व्यक्ति से पहले बेचे गए तमंचे और कारतूस के बकाया पैसे लेने जा रहा है। इसी दौरान पुलिस ने उसे दबोच लिया।



रोहित के खिलाफ गौतमबुद्ध नगर, मथुरा, पलवल और फरीदाबाद में कुल 6 मामले दर्ज हैं। इनमें लूट, अवैध हथियार रखने और गैंगस्टर एक्ट के मामले शामिल हैं। घायल अभियुक्त को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल भेजा गया है।

सीओ छाता आशीष शर्मा ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान घायल गिरफ्तार हुए अभियुक्त के आपराधिक इतिहास की और अधिक जानकारी ,हरियाणा, नोएडा व अन्य राज्यों में की जा रही है।

# मंदबुद्धि युवती से दुष्कर्म का आरोपी बुजुर्ग गिरफ्तार




एनएनआई

**फिरोजाबाद।** थाना रसूलपुर क्षेत्र में एक मंदबुद्धि युवती के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने 65 वर्षीय आरोपी मुन्नालाल को गिरफ्तार कर लिया है।

घटना 25 जून की रात की है। आरोपी मुन्नालाल मंदबुद्धि युवती को अपने घर के कमरे में ले गया। वहां उसने युवती के साथ दुष्कर्म किया। पुलिस के मुताबिक मोहल्ले के एक युवक ने इस घटना का वीडियो बना लिया। नींबू वाला गली नंबर सात निवासी विनोद ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पीड़िता दो दिन पहले थाने के पास चल रही कथा में आई थी। वह अक्सर इधर-उधर भटकती रहती है। आरोपी ने इसी का फायदा उठाया। पुलिस ने पहले मामले को छेड़छाड़ के तहत दर्ज किया। बाद में वीडियो देखने और जांच के बाद दुष्कर्म की धारा जोड़ी गई। थाना प्रभारी के अनुसार जांच में दुष्कर्म की पुष्टि हुई।

आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। युवती मानसिक रूप से कमजोर थी। जिसका आरोपी ने फायदा उठाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# डीएम के ड्राइवर की बेटी के हत्यारोपी से मुठभेड़

## एक लाख के इनामी के पैर में लगी गोली, सिपाही भी घायल

एनएनआई



**हाथरस।** पुलिस ने डीएम के ड्राइवर की बेटी कल्पिता की हत्या के मुख्य आरोपी गुलशन को गिरफ्तार कर लिया है। एनकाउंटर में सादाबाद निवासी गुलशन के दोनों पैरों में गोली लगी है। एक सिपाही प्रिंस भी इस दौरान घायल हुआ है। पुलिस ने गुलशन के कब्जे से चोरी की गई लाइसेंसी रिवाल्वर, कारतूस और एक बाइक बरामद की है। एनकाउंटर में घायल गुलशन को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

घटना 14 जून की है। जिलाधिकारी के ड्राइवर राकेश कुमार की बेटी कल्पिता अपनी मां उर्मिला के साथ बाजार से स्कूटी पर शॉपिंग करके लौट रही थी। तहसील सदर के सामने कुछ लोगों ने उसकी गोली मारकर हत्या कर दी थी। मृतका के पिता राकेश कुमार ने अपनी पुत्रवधू ज्योति, उसके बॉयफ्रेंड गुलशन, गुलशन के दोस्त नवीन, ज्योति की बुआ गायत्री और बुआ के लड़के सूरज के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

राकेश के अनुसार, उनकी पुत्रवधू ज्योति के गुलशन उर्फ लुक्का से अवैध संबंध थे। परिवार इन संबंधों का विरोध करता था। इसी रंजिश में गुलशन ने कल्पिता की हत्या की।



गुलशन ने 2023 में राकेश की लाइसेंसी रिवाल्वर भी चुराई थी। पुलिस ने इस मामले में पहले ही नवीन,अभिषेक और भारत को गिरफ्तार कर लिया था।

**पुलिस कर रही गुलशन से पूछताछ**

पुलिस ने गुलशन के कब्जे से चोरी की गई लाइसेंसी रिवाल्वर, कारतूस और एक बाइक बरामद की है। पुलिस अब गुलशन से पूछताछ कर रही है। एनकाउंटर में घायल गुलशन को पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

# शादी के अगले दिन 2 लाख रुपए लेकर दुल्हन फरार



**हाथरस** एनएनआई। सादाबाद में एक दुल्हन ने अपने पति और ससुराल वालों को धोखा दिया। झारखंड की रहने वाली दुल्हन शादी के अगले दिन दो लाख रुपए लेकर फरार हो गई। इस मामले की शिकायत पुलिस से भी की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

घटना 23 जून की है। सादाबाद के एक मैरिज होम में सादाबाद के एक युवक की 23 जून को शादी संपन्न हुई थी। अगले दिन यानी 24 जून की सुबह जब परिवार के सदस्य उठे, तो दुल्हन घर में नहीं मिली। जांच में पता चला कि वह घर से करीब दो लाख रुपए भी साथ ले गई। पीड़ित परिवार ने इस मामले की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। फरार दुल्हन की तलाश की जा रही है। हालांकि अभी पुलिस खुलकर कुछ भी नहीं बता रही।

# आज और कल नहीं मिलेगा जल

## पाइपलाइन शिफ्ट होने का किया जा रहा कार्य

एनएनआई



**आगरा।** शहर के दर्जन भर मोहल्लों में आज और कल पानी नहीं आएगा। शहर के नगला हरमुख, नगला छिद्दा, मोतिया की बगीची, महाराणा प्रताप कॉलोनी, स्टाफ क्वार्टर, बसंत टाकीज, सेंट पीटर्स कॉलोनी, घटिया आजम खां, विजय नगर समेत अन्य मोहल्लों के रहने वाले लोग शुक्रवार सुबह जलापूर्ति के समय जरूरत का पानी भरकर रख लें। अब उन्हें रविवार सुबह ही पानी मिल पाएगा।

दरअसल, लंगड़े की चौकी नाले के अंदर से निकल रही पानी की 18 इंच व्यास की राइजिंग मेन लाइन को शिफ्ट करने का काम 27 जून की सुबह 10 बजे से शुरू किया गया है। यह 28 जून की रात तक चलेगा। इस वजह से शुक्रवार की शाम और शनिवार को जलापूर्ति बाधित रहेगी रविवार सुबह ही जलापूर्ति बहाल हो सकेगी।

जलकल विभाग के सचिव अनिरुद्ध कुमार ने बताया कि मानसून में लंगड़े की चौकी नाले का प्रवाह पाइप लाइन के कारण न रुके, इसलिए पाइप लाइन को शिफ्ट किया जा रहा है। अगर पानी का संकट रहे तो जलकल विभाग से टैंकर मंगवाया जा सकता है।

**-टैंकर मंगवाना हो संपर्क करें**

- टोल फ्री नंबर - 1800-2702722
- कंट्रोल रूम नंबर - 8192095401
- आशीष कुमार - 8192095302
- विनीत चौधरी - 8192095732

# दर्दनाक हादसा

## सैंया में स्कॉर्पियों ने बाइक सवार को रौंदा, मौत

एनएनआई



**आगरा।** थाना सैंया अंतर्गत खेरागढ़-सैंया मार्ग पर नगला केहरी के पास सामने से आ रही स्कार्पियो ने बाइक में टक्कर मार दी। इससे एक बाइक सवार की मौत हो गई, जबकि दूसरा साथ गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है, जबकि दूसरे साथी को सीएचसी भेजा, जहां से एसएन हास्पिटल रेफर कर दिया।

जानकारी के अनुसार सैंया की ओर से बाइक पर अर्जुन पुत्र पप्पू निवासी महुआखेड़ा थाना खेरागढ़ अपने साथी रामलखन पुत्र रामेश्वर सिंह निवासी लालपुर थाना खेरागढ़ के साथ गांव जा रहे थे। तभी नगला केहरी के पास सामने से आ रही स्कार्पियो ने बाइक में टक्कर मार दी।

टक्कर लगने से दोनों बाइक सवार सड़क पर गिर गए। रामलखन और अर्जुन के गंभीर चोट आईं। हादसे में 32 रामलखन की मौके पर ही मौत हो गई। अर्जुन गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद चालक फरार हो गया, जबकि स्कार्पियो को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घायल का इलाज चल रहा है। उसकी हालत भी गंभीर बनी हुई है।

# मंदिर की दान पेटी से चोरी करने वाला मुठभेड़ में दबोचा

एनएनआई

**आगरा।** शाहगंज क्षेत्र में मंदिर में तोड़फोड़ और दान पेटी से रुपये चोरी करने के आरोपी तोहिद को पुलिस ने वायु विहार में चेकिंग के दौरान मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। उसके पैर में गोली लगी है।

एसीपी ताज सुरक्षा ने बताया कि पिछले दिनों 100 साल पुराने पथवारी मंदिर में चोरी और तोड़फोड़ की घटना हुई थी। इस मामले में मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपी की तलाश की जा रही थी। बृहस्पतिवार रात को पुलिस को सूचना मिली कि मंदिर में चोरी की घटना को अंजाम देने वाला वायु विहार कालोनी मार्ग पर मौजूद है। इस पर टीम में घेराबंदी की। आरोपी ने पुलिस टीम पर तमंचे से फायर किया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में पैर में गोली लगने से आरोपी घायल हो गया। इस पर उसको इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है।

# विश्वविद्यालय से सम्बद्ध 70 बीएड कॉलेजों की मान्यता रद्द

एनएनआई

**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा से संबद्ध 70 बीएड महाविद्यालयों में प्रवेश पर राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) ने रोक लगा दी है। इसके साथ ही दो बीपीएड और एक एमएड कॉलेज पर भी कार्रवाई हुई है। महाविद्यालयों को प्रवेश प्रक्रिया से बाहर करने के संबंध में आदेश जारी कर दिए गए हैं। सत्र 2025-26 के लिए होने वाली काउंसलिंग में ये कॉलेज शामिल नहीं हो सकेंगे। इसका असर विश्वविद्यालय की बीएड की सीटों पर भी होगा।

देश भर के मान्यता प्राप्त कॉलेजों की गुणवत्ता को जांचने का काम राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) ने शुरू किया था। इस प्रक्रिया में देशभर के लगभग तीन हजार कॉलेज ऐसे थे जिनमें मानक अधूरे थे। एनसीटीई ने कॉलेजों से लगातार सत्र 2021-22 और 2022-23 की परफॉर्मेंस रिपोर्ट मांगी। परफॉर्मेंस अप्रेजल रिपोर्ट जमा करने के लिए कई बार समय भी दिया गया। जब कोई जवाब नहीं मिला तो सभी कॉलेजों को कुछ महीने पहले कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। इसके बाद भी तमाम कॉलेजों ने जवाब नहीं दिया। ऐसे में एनसीटीई ने देशभर के 22 सौ से अधिक संस्थानों की मान्यता को समाप्त कर दिया। अन्य के खिलाफ अभी जांच चल रही है। जिन कॉलेजों की मान्यता को रद्द किया है, उनमें बीएड, एमएड और बीपीएड कॉलेज शामिल हैं।

**आंबेडकर विवि आगरा के 70 कॉलेज शामिल**

एनसीटीई की ओर से की गई कार्रवाई के दायरे में डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेज भी आए हैं। विवि से संबद्ध 70 कॉलेजों की मान्यता को एनसीटीई ने रद्द कर दिया है। इन 70 कॉलेजों में से 67 कॉलेज बीएड के हैं। वहीं विवि से संबद्ध दो बीपीएड कॉलेज और एक एमएड कॉलेज पर भी कार्रवाई की गई है। कुलसचिव अजय मिश्रा ने बताया कि एनसीटीई ने 70 कॉलेजों की बीएड की मान्यता रद्द की है। ये कॉलेज काउंसलिंग में शामिल नहीं होंगे। इसमें आगरा, मथुरा, मैनपुरी और फिरोजाबाद के कॉलेज शामिल हैं।

## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

\- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।

# जिला अस्पताल से मंडलीय अपर निदेशक के फर्जी हस्ताक्षर से जारी हुआ मेडिकल सर्टिफिकेट

एनएनआई

**आगरा।** जिला चिकित्सालय में फर्जी हस्ताक्षर कर मेडिकल सर्टिफिकेट जारी करने का मामला सामने आया है। मंडलीय अपर निदेशक ने अपने हस्ताक्षर को फर्जी बताते हुए रकाबगंज थाने में डॉ. धर्मवीर सिंह और इलेक्ट्रीशियन दिनेश शर्मा के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

डीसीपी सिटी सोनम कुमार ने बताया कि 30 मई को मंडलीय अपर निदेशक और प्रमुख अधीक्षक डॉ. राजेंद्र कुमार ने थाने में शिकायत की थी। उन्होंने बताया कि 5 मई को जिला चिकित्सालय की सर्जरी ओपीडी के कक्ष संख्या 207 से राजकुमारी पत्नी अजय सिंह का एक मेडिकल सर्टिफिकेट जारी किया गया। इसे डॉ. धर्मवीर सिंह ने बनाया था। इस पर उनके फर्जी हस्ताक्षर कर प्रति हस्ताक्षरित किया गया। इसमें इलेक्ट्रीशियन दिनेश शर्मा भी शामिल थे। उन्होंने सर्टिफिकेट जारी कराया।




तहरीर में लिखा कि आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए सूचना दी जा रही है। मामले में पुलिस जांच कर रही है। सर्टिफिकेट जारी करवाने वाले कौन लोग हैं? फर्जीवाड़ा किस स्तर पर किया गया? यह सब पता किया जा रहा है।

## विभागीय जांच भी हो रही

सीएमओ डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि फर्जी मेडिकल सर्टिफिकेट बनाने का मामला संज्ञान में आया है। मामले की विभागीय जांच भी कराई जा रही है।

**ट्रांसफर केस में बनवाया था सर्टिफिकेट**

मंडलीय अपर निदेशक और प्रमुख अधीक्षक डॉ. राजेंद्र कुमार ने बताया कि मेडिकल सर्टिफिकेट बनाने के मामले की जांच आई थी। यह सर्टिफिकेट महिला के ट्रांसफर के संबंध में बनाया गया था। सर्टिफिकेट में हस्ताक्षर मेरे नहीं थे। इस पर डॉ. धर्मवीर सिंह से पूछताछ की। वह आरोप लगाने लगे। इस पर थाने में शिकायत की है। पुलिस जांच कर दोषी के खिलाफ कार्रवाई करे।

# पुलिस के सामने हास्पिटल में हंगामा, महिलाकर्मी घायल

- चिकित्सक ने डीसीपी सिटी से की शिकायत
- सदर क्षेत्र के राजपुर चुंगी का मामला

एनएनआई

**आगरा।** शमसाबाद रोड के एक हॉस्पिटल में बृहस्पतिवार को चौकी इंचार्ज के सामने जमकर हंगामा हुआ। एक महिला कर्मचारी घायल हो गई। चिकित्सक ने मारपीट और अभद्रता का आरोप लगाते हुए डीसीपी से शिकायत की है। थाने में तहरीर भी दी गई है। राजपुर चुंगी निवासी डॉ. अरुण कुमार गुप्ता ने बताया कि उनके अस्पताल में एक युवक 2 साल से एकाउंट्स और टीपीए विभाग का काम देखता था। उसके पास आयुष्मान और टीपीए कंपनी के आईडी और पासवर्ड थे। सैलरी लेने के बाद उसने ड्यूटी पर आना बंद कर दिया। आईडी और पासवर्ड भी बताने से मना कर दिया। आरोप है कि दस्तावेजों की जांच में गबन की पुष्टि हुई। 45 हजार का हेरफेर पाया गया। इस पर चौकी इनफ्रेंट्री लाइन में शिकायत की थी। बृहस्पतिवार दोपहर एक बजे चौकी प्रभारी योगेश कुमार कर्मचारी को लेकर आए। कोई और पुलिसकर्मी नहीं था। कर्मचारी के साथ 15-20 लोग और आ गए। आरोपियों ने केबिन में घुसकर अभद्रता की। मारपीट की कोशिश करने लगे।

कर्मचारियों के रोकने पर उनके साथ भी अभद्रता की। कर्मचारी शिवांगी सिंह घायल हो गईं। मामले में डॉ. अरुण कुमार ने डीसीपी सिटी से शिकायत की। वहीं कर्मचारी युवती ने थाना सदर में तहरीर दी है। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। उधर, थाना प्रभारी ने बताया कि बातचीत के दौरान दोनों पक्षों में विवाद हुआ था। मामले में जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

सत्यता और निष्पक्षता के साथ नई बुलंदियों पर

NNI हर खबर पर पक्की नज़र

न्यूज नेक्स्ट इंडिया
अपना आगरा

05

शुक्रवार, 27 जून, 2025 www.nnindianews.com

# सावधान!

## शहर में चल रहे गुमराही के कोचिंग सेंटर



गुमराही के सपने दिखाकर नामी कोचिंग संेटरों द्वारा विद्यार्थियों और अभिभावकों को लूटा जा रहा है। भले ही उससे कोई नाता नहीं हो, लेकिन टॉपर को हर कोचिंग संेटर अपना बताता है। शहर में ऐसे कई कोचिंग संेटर हैं जो झूठे और लुभावने वादे कर विद्यार्थियों को लूट रहे हैं। उनके भविष्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। शहर के नामी कोचिंग संेटर के झूठ का पर्दाफाश हो चुका है।

एनएनआई

**आगरा।** कोचिंग सेन्टर का हब कहे जाने वाले राजस्थान के कोटा जाने से छात्रों को रोकने के लिए शहर में कई सेंटर  कोटा के नाम का उपयोग कर विद्यार्थियों के भविष्य से खिलवाड कर रहे हैं। शहर के एक ब्रांडेड नाम से चल रहे कोटा कोचिंग सेंटर के भ्रामक दावों की कलई खुल गई है। बताया जाता है कि पिछले दो सालों से इस कोचिंग सेंटर ने एक भी टॉपर नहीं दिया, लेकिन प्रचार में दावे बड़े -बडे किए जाते हैं। हाल में सोशल मीडिया में वायरल एक वीडियो में खुलासा हुआ कि कई कोचिंग सेंटर एक ही टापर छात्र को अपने संस्थान का चेहरा बताकर झंडे गाड़ रहे हैं। हालांकि कोचिंग सेंटरों के फर्जी दावों पर रोक लगाने के लिए सरकार द्वारा  दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, लेकिन इनको भी दरकिनार किया जा रहा है।

### क्या हैं निर्देश

सरकार के दिशा-निदेर्शों के मुताबिक कोचिंग संस्थान सफल अभ्यर्थियों की लिखित सहमति के बिना उनके नाम और तस्वीर या संस्थान की प्रशंसा में उनकी टिप्पणियों का उपयोग नहीं कर सकते। इसके साथ ही शत-प्रतिशत चयन या नौकरी की गारंटी जैसे झूठे दावों पर पाबंदी लगा दी गई है। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण द्वारा तैयार अंतिम दिशा-निर्देश का मसौदा, राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन पर कई शिकायतें मिलने के बाद जारी किया गया था। इन दिशा-निर्देशों में कोचिंग संस्थानों को प्रस्तावित पाठ्यक्रमों और अवधि, अध्यापकों से संबंधित दावे, शुल्क संरचना और शुल्क वापसी की नीतियों, परीक्षा में चयन की दर और रैंक, चयन की गारंटी या वेतन वृद्धि के बारे में झूठे दावे करने से प्रतिबंधित किया गया है। इसके बाद भी धड़ल्ले से इन दिशा-निदेर्शों की धज्जियां उड़ा रहे हैं।

### नहीं थम रहे फर्जी दावे

फर्जी सक्सेस रेट और कोर्स के बारे में आधी-अधूरी जानकारी वाले विज्ञापनों से छात्रों को गुमराह करने वाले कोचिंग संस्थानों की नकेल कसने के लिए केंद्र सरकार ने  नियम जारी किए बावजूद इसके फर्जीवाडा जारी है। ऐसे लोगों की जवाबदेही बनेगी कि जिन दावों का वे विज्ञापन कर रहे हैं, वे सही हैं। दावे गलत पाए जाने पर कोचिंग संस्थानों के साथ ऐसे लोग भी जिम्मेदार माने जाएंगे।

### चाट की ठेलों की तरह खुले हैं कोचिंग सेंटर

इसमें कोई दो राय नहीं है कि पिछले दो दशक से कोचिंग सेंटरों का अद्भुत गति से विस्तार हुआ है। प्रतियोगी परीक्षाओं की बढ़ती मांग, निजी शिक्षा संस्थानों का उदय और छात्रों में करियर के प्रति जागरूकता ने इस इंडस्ट्री को विशाल रूप दे दिया है। इस विकास के साथ कई समस्याएं भी खड़ी हो गई हैं। जिनमें गुणवत्ता में असमानता, अत्यधिक शुल्क वसूली, पारदर्शिता की कमी, अनुचित संचालन और छात्रों के बढ़ते सुसाइड बड़ी परेशानी बन चुके हैं।

### लोकल स्तर पर भी है बेहतर कोचिंग

बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए जहां अभिभावक बड़े नामी गिरामी नामों के पीछे भागते हैं, वहीं आगरा शहर का विकास और छात्रों का उज्जवल भविष्य बनाने वाले कई कोचिंग सेंटर शहर में उपलब्ध है। जहां ब्राण्डेड कोचिंग एक फिक्स स्लेवर्स किसी भी स्तर की फेकल्टी द्वारा पढ़ाया जाता है। वहीं स्थानीय कोचिंग अच्छे स्तरीय  अध्यापकों द्वारा तैयारियां कराते हैं। जहां बड़ी फ्रेन्चाइजी कोचिंग में अनावश्यक दबाब होता है वहीं स्थानीय कोचिंग में कम संख्या के चलते अच्छा तालमेल रहता है और महंगी कोचिंग सेंटर की अपेक्षा कम बजट की भी हैं। भले ही उच्च स्तरीय टॉपर का दावा ब्राण्डेड व महंगी कोचिंग करती हों पर अधिक संख्या में बच्चों के सपनों के साकार स्थानीय कोचिंग करती हैं। अतः अभिभावकों को सोच समझकर अपने स्तर व बच्चे की क्षमता के अनुसार कोचिंग सेंटर का चयन करना चाहिए।



## ताजनगरी में जमीन खरीदना होगा महंगा, सर्किल रेट में बढ़ोतरी की तैयारी

एनएनआई

**आगरा।** ज़िले में जमीनों के सर्किल रेट 2017 के बाद पहली बार बढ़ाए जाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रस्तावित नई दरों की सूची गुरुवार को सार्वजनिक कर दी गई है। अब पहली जुलाई तक आमजन इससे संबंधित आपत्तियां दर्ज करा सकते हैं। शहरी क्षेत्रों में 30 से 35 प्रतिशत, सेगमेंट रोड पर 40 से 50 प्रतिशत और ग्रामीण क्षेत्रों में 25 से 35 प्रतिशत तक बढ़ोतरी का प्रस्ताव है। नए रेट लागू होने से मकान, दुकान और खेत खरीदना महंगा हो जाएगा। बाजार मूल्य और

- शहर में 35 से 50% तक बढ़ सकते हैं दर, 1 जुलाई तक दर्ज कराई जा सकती हैं आपत्तियां

सर्किल रेट में भारी अंतर को देखते हुए यह बदलाव प्रस्तावित किया गया है। वर्तमान में



नवविकसित क्षेत्रों में सर्किल रेट 2,000 से 10,000 रुपये प्रति वर्गमीटर है, जबकि बाजार मूल्य 5,000 से 25,000 रुपये प्रति वर्गमीटर तक पहुंच चुका है। अंतिम बार सर्किल रेट अगस्त 2017 में बदले गए थे। 2021 में नए सिरे से रेट तय करने की प्रक्रिया शुरू हुई थी, लेकिन शासन के निर्देश पर रोक लगा दी गई। मार्च 2025 में पुनः निर्धारण की योजना बनी, मगर किसानों की अधिग्रहित जमीन पर मुआवजे के बोझ के कारण यह भी टल गया। डीएम कार्यालय, एडीएम (वित्त एवं राजस्व) कार्यालय, सहायक महानिरीक्षक निबंधन कार्यालय और जिले के सभी 10 उपनिबंधक कार्यालयों में नई दरों की सूची उपलब्ध है। सुबह 10 से शाम 5 बजे तक कोई भी व्यक्ति अपने क्षेत्र के रेट देख सकता है और आपत्ति दर्ज करा सकता है।

# कार्यों की गुणवत्ता से समझौता नहीं होगा : मंडलायुक्त

## विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर अधिकारियों को दिए स्पष्ट निर्देश

एनएनआई

**आगरा।** मंडलायुक्त शैलेंद्र कुमार सिंह ने गुरुवार को आगरा विकास प्राधिकरण (एडीए) की विभिन्न विकास परियोजनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि कार्यों की गुणवत्ता, समयबद्धता और टिकाऊपन पर किसी भी सूरत में समझौता नहीं होगा। टोल प्लाजा निरीक्षण में उन्होंने निर्देश दिए कि टिनशेड व्यवस्थित हो, टोल केबिन आरामदायक हों, सीसीटीवी कैमरे चालू रहें और छोटी लेन को बड़ी लेन में बदला जाए। टोल के दोनों



ओर हरियाली का विकास भी किया जाए। ताजगंज जोनल पार्क में गीत गोविंद वाटिका और म्यूजिकल फाउंटेन का अवलोकन कर उन्होंने टूटे पाथवे सुधारने और तुलसी वाटिका में सभी प्रजातियों की तुलसी लगाने के निर्देश दिए। आगरा चौपाटी को फूड व एंटरटेनमेंट हब के रूप में विकसित किया जा रहा है। यहां गो-कार्टिंग, वाटर राइडिंग, टॉय ट्रेन, इंडोर-आउटडोर गेम्स जैसी सुविधाएं होंगी। कार्य अगले सप्ताह शुरू होगा। शाहजहां पार्क में 22 लघु ऐतिहासिक स्मारकों की योजना पर उन्होंने कहा कि संरचना मूल स्वरूप से मेल खाए। सुभाष पार्क में बोटिंग, फूड कोर्ट और एलईडी स्क्रीन शीघ्र शुरू करने व विश्राम के लिए हट बनाए जाने के निर्देश दिए। निरीक्षण में एडीए वीसी एम. अरुन्मौली, सचिव श्रद्धा शांडिल्य, मुख्य अभियंता केके बंसल समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# नाला सफाई में गड़बड़ी पर नोटिस, 12 सफाई मित्रों के वेतन में कटौती की संस्तुति

## बाग फरजाना में नाले की सफाई में लापरवाही पर नगर निगम सख्त

एनएनआई

**आगरा।** बरसात से पहले शहर में जलभराव की समस्या से बचने के लिए नगर निगम की ओर से नालों की सफाई अभियान चलाया जा रहा है, लेकिन बाग फरजाना क्षेत्र में लापरवाही सामने आने पर अपर नगर आयुक्त शिशिर कुमार ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। साथ ही जेडएसओ, सफाई नायक और एसएफआई को चेतावनी देने की संस्तुति नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल से की है। मदिया कटरा स्थित नाले में फ्लोटिंग और सिल्ट जमा होने पर नाराजगी जताई और तत्काल सफाई कराने के निर्देश दिए गए।

बाग फरजाना से रामनगर कालोनी मार्ग पर नाला कूड़े और मलबे से भरा मिला, जिसे गंभीर लापरवाही मानते हुए उत्तरदायी कर्मियों की जिम्मेदारी तय करने की बात कही। सुल्तानगंज पुलिया पर



निरीक्षण के दौरान नाले में मृत पशु पड़ा मिला, जिसे हटाने के लिए टी-200 मशीन और जेसीबी की मांग की गई। अपर नगर आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को मशीनरी तुरंत उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण में एक दर्जन सफाई मित्र बिना सूचना के अनुपस्थित मिले। इनमें दीवान, शेखू, केदार, अनिल, ज्ञानवती, निशा, हृदयेश, विनीत, अविनाश, प्रवाली, दीपमाला, आशिष के नाम शामिल हैं। अपर नगर आयुक्त ने सभी के एक दिन का वेतन काटने की संस्तुति दी है। नगर आयुक्त को भेजी गई रिपोर्ट में कहा गया है कि बाग फरजाना से सिविल लाइन क्षेत्र नगर का प्रमुख हिस्सा है, यहां सफाई की खराब स्थिति चिंताजनक और अस्वीकार्य है। इसलिए कार्रवाई जरूरी है।

# जेवर एयरपोर्ट के पास बनेगा मेगा फुटवियर एंड लेदर पार्क

## आगरा के जूता उद्योग को मिलेगी नई उड़ान, 3 हजार करोड़ निवेश व 3 लाख रोजगार की संभावना



एनएनआई

**आगरा/नोएडा।** भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा फुटवियर एवं चमड़ा उद्योग विकास परिषद (डीसीएफएलआई) के चेयरमैन नियुक्त होने के बाद पूरन डावर ने इंडस्ट्री के समग्र विकास को लेकर बड़ी पहल की है। शुक्रवार को उन्होंने अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. अरुण वीर सिंह (आईएएस) से औपचारिक मुलाकात की। बैठक में यीडा ने जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पूर्वी गेट, सेक्टर-8 में 100 एकड़ भूमि मेगा लेदर क्लस्टर के लिए आवंटित की। इस संबंध में एलओआई (लेटर ऑफ इंटेंट) भी तत्काल जारी किया गया। जमीन की दर 9,775 रुपये प्रति वर्गमीटर तय की गई है और अगले दो महीने में भूमि का कब्जा भी उपलब्ध कराया जाएगा। प्रस्तावित क्लस्टर में उत्पादन इकाइयों के साथ आवासीय, सामुदायिक और सामग्री प्रबंधन जैसी सभी आधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। परियोजना से करीब 3,000 करोड़ रुपये का निवेश और 3 लाख से अधिक प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर बनेंगे। अब परियोजना को इन्वेस्ट यूपी से मूल्यांकन प्राप्त कर यूपी फुटवियर नीति के तहत भूमि सब्सिडी और अन्य प्रोत्साहन योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया शुरू होगी। साथ ही, केंद्र सरकार की मेगा लेदर क्लस्टर नीति के अंतर्गत भी इसे समर्थन मिलने की संभावना है। पूरन डावर ने इस पहल को ऐतिहासिक करार देते हुए डॉ. अरुण वीर सिंह व यीडा प्रशासन का आभार जताया। उन्होंने कहा- यह क्लस्टर उत्तर प्रदेश को चमड़ा व फुटवियर उद्योग में वैश्विक स्तर पर अग्रणी बनाएगा और देश के निर्यात में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# गांव और पंचायत के विकास से बदलेगी देश की दिशा-दशा : डॉ. मंजू भदौरिया

- जिला पंचायत के चाणक्य सदन का लोकार्पण

एनएनआई

**आगरा।** गांव और पंचायतों के समग्र विकास पर अब जिला पंचायत के चाणक्य सदन में रणनीति बनेगी। बृहस्पतिवार को भाजपा ब्रज क्षेत्र अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य ने इस नवीन मीटिंग सभागार का लोकार्पण किया। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. मंजू भदौरिया ने अतिथियों का अंगवस्त्र व स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि दुर्विजय सिंह शाक्य ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में गांवों के समुचित विकास के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इस नए सभागार से विकास योजनाओं पर विचार और समन्वय और सरल होगा। डॉ. मंजू भदौरिया ने कहा कि जिला पंचायत महिला




स्वावलंबन, युवा प्रोत्साहन और खेल सुविधाओं के विस्तार को लेकर प्रतिबद्ध है। बटेश्वर मेले को इस बार प्राचीन परंपराओं के साथ ताज महोत्सव जैसा भव्य रूप देने की योजना है। उन्होंने कहा, देश का विकास गांव और पंचायतों से ही संभव है। जब गांव समृद्ध होंगे, तभी राष्ट्र प्रगति करेगा। इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ. राजेंद्र सिंह, भाजपा नेता संतोष कटारा, रामकुमार शर्मा, सोनू चौधरी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष पंकजा शर्मा, जिला पंचायत अपर मुख्य अधिकारी उमेश चंद्र, सीडीओ प्रतिभा सिंह, अभियंता देवेंद्र सिंह, जिला पंचायत सदस्य व अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# अंधेर नगरी बाल नाट्य प्रस्तुति ने मोहा दर्शकों का मन

## डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय में बाल नाट्य कार्यशाला संपन्न

एनएनआई

**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के खंदारी परिसर स्थित जे.पी. सभागार में उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ, नाट्यावलोकन कला एवं सांस्कृतिक संस्था, आगरा और ललित कला संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में बाल नाट्य कार्यशाला प्रस्तुति का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में बच्चों ने भारतेंदु हरिश्चंद्र के प्रसिद्ध नाटक अंधेर नगरी का प्रभावशाली मंचन किया। नाटक के माध्यम से बच्चों ने अराजक शासन व्यवस्था और विवेकहीन नेतृत्व पर व्यंग्यपूर्ण प्रहार किया। टके सेर भाजी, टके सेर खाजा जैसी पंक्तियों ने दर्शकों को सोचने पर विवश कर दिया। निर्देशन एवं परिकल्पना रोहित चौहान, संगीत पिंकी सिंह, मंच निर्माण हरिओम, सहनिर्देशन दिव्यता उपाध्याय द्वारा किया गया। प्रो. संजय चौधरी (निदेशक, ललित कला संस्थान) ने बच्चों की मंचीय प्रस्तुति को सराहते हुए कहा- इस उम्र में इतना परिपक्व संवाद अदायगी और आत्मविश्वास, बच्चों की कला के प्रति गंभीरता और संवेदनशीलता को दर्शाता है। कार्यक्रम का संयोजन प्रो. संजय चौधरी, सहसंयोजन डॉ.



मनोज कुमार ने किया। संरक्षक राजीव चतुर्वेदी, अध्यक्षता श्वेता चौहान (अध्यक्ष, नाट्यावलोकन संस्था) ने की। उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी से डॉ. शोभित नाहर, विभा सिंह एवं प्रो. जयंत खोत ने बच्चों को शुभकामनाएं भेजीं। कार्यशाला में कुहू, सृष्टि, विद्युता, वर्षा, माही, अनन्या, आयुष, प्रियांश, धानी, सहित लगभग 25 बाल कलाकारों ने भाग लिया। अंत में सभी बच्चों को सम्मानित किया गया।

# अव्यवस्थाओं की भेंट चढ़ा भाजपा का कार्यक्रम

## कार्यकर्ताओं की अनुशासनहीनता से दुखी नजर आए लोकतंत्र सेनानी, नहीं मिला उचित सम्मान

- अधिक संख्या में पहुंचने पर सीटें पड़ गईं कम, कार्यकर्ताओं के बीच हो गई धक्का मुक्की
- गर्मी से परेशान पूर्व सीएम वसुंधरा राजे भी मंच पर पसीना पोंछते आईं नजर

एनएनआई

**आगरा।** 'आपातकाल काले अध्याय के 50 वर्ष' कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वसुंधरा राजे सिंधिया के सामने कार्यकर्ताओं ने खूब फजीहत कराई। पहले उन्हें गेट से सभागार तक लाने के लिए धक्का-मुक्की हुई।

कार्यक्रम के अंत में लोकतंत्र रक्षक सेनानियों को मंच से मुख्य अतिथि वसुंधरा राजे सिंधिया, केंद्रीय राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल व अन्य ने स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। लेकिन यह स्मृति चिह्न भी कम पड़ गए। इसके बाद लोकतंत्र रक्षक सेनानियों को मंच पर ही नहीं बुलाया गया। भाजपा का कार्यक्रम अव्यवस्थाओं की भेंट चढ़ गया। 550 लोगों की क्षमता वाले हॉल में 2000 हजार से अधिक लोग पहुंच गए। गर्मी और उमस से लोग बेहाल हो गए।





> यहां आकर मुझे ऐसा लग रहा है कि मैं घर आ गई हूं। किसी को बाहर भेजना पड़ा। कुछ मंच पर लड़ रहे थे तो कुछ नीचे लड़ रहे थे। ये सब देखकर ऐसा लग रहा था कि मैं घर में हूं।
> **वसुंधरा राजे (अव्यवस्थाओं पर चुटकी लेते हुए)**

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया भी गर्मी से परेशान हो गईं। मंच पर वे पसीना पोछते और कार्ड से हवा करती नजर आईं। अव्यवस्थाओं को लेकर मंच के सामने लोकतंत्र रक्षक सेनानियों ने हंगामा काटा। धक्का-मुक्की की गई।

कार्यक्रम में भीड़ की स्थिति ये थी कि कुर्सियां कम पड़ गईं। भाजपा कार्यकर्ता मंच के सामने जमीन पर बैठ गए। मंच के सामने इतनी अव्यवस्था थी कि भाजपाइयों ने पूरा मंच ही घेर लिया। मंच के ऊपर और नीचे कार्यकर्ताओं का जमघट दिखाई दिया। संचालक ने कई बार मंच खाली करने की घोषणा की लेकिन किसी ने एक न सुनी। इससे मंच के सामने कुर्सियों पर बैठे लोकतंत्र रक्षक सेनानी नाराज हो गए।

कार्यक्रम में स्थिति ये थी कि मंच पर किसी प्रकार की कोई व्यवस्था नहीं थी। वसुंधरा राजे का भाषण खत्म होने के बाद तो स्थिति और बेकाबू हो गई। यहां लोकतंत्र रक्षक सेनानियों का सम्मान होना था। लेकिन, कार्यकर्ताओं ने मंच पूरा कब्जा लिया। इससे अधिकांश लोकतंत्र रक्षक सेनानी तो मंच पर पहुंच ही नहीं पाए। जो किसी तरह से पहुंच भी गए, उनके साथ भी सम्मान के नाम पर खानापूर्ति की गई। धक्का-मुक्की के बीच उन्हें पटका पहना गया।



## कांग्रेस ने सत्ता की कुर्सी बचाने के लिए घोंटा था संविधान का गलाः राजे

**आगरा एनएनआई।** आपातकाल के काले अध्याय के 50 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी आगरा महानगर एवं जिला द्वारा कृष्णराव सभागार, आर बी एस कॉलेज आगरा में संगोष्ठी एवं लोकतंत्र रक्षक सैनानियों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व मुख्य मंत्री,भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे सिंधिया जी रही।कार्यक्रम स्थल पर सबसे पहले बाहर पार्क में वृक्षारोपण किया गया।

वसुंधरा राजे सिंधिया ने कहा कि आपातकाल में कांग्रेस के अन्याय और अत्याचार को देश कभी नहीं भूल सकता।आपातकाल का दमन और यातनाएं आज भी सभी के मस्तिष्क में घूम रही है। आज के समय में भी कांग्रेस में वही तानाशाही और मानसिकता है जो 50 वर्ष पहले की। केंद्रीय मंत्री प्रो एसपी सिंह बघेल ने भी आपातकाल पर कांग्रेस को घेरा।

भाजपा आगरा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने कहा कि देश का नाम खराब करना कांग्रेस की नई डिजिटल इमरजेंसी है। अकार्यक्रम में आगरा के सभी लोकतंत्र रक्षक सैनानियों को आमंत्रित किया गया था।मुख्य अतिथि ने सभी को एक एक करके मंच पर बुलाकर दुपट्टा,माला,एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

## आविप की बड़ी कार्रवाईः पद्म प्राइड कॉम्प्लेक्स में स्टोर भवन सील



एनएनआई

**आगरा।** उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद, आगरा वृत्त ने सिकंदरा योजना स्थित पद्म प्राइड कॉम्प्लेक्स में अवैध रूप से बनाए गए एक स्टोर भवन पर बड़ी कार्रवाई करते हुए उसे सील कर दिया। यह कार्रवाई परिषद के अधीक्षण अभियंता अतुल कुमार के निर्देश पर की गई।

प्रवर्तन दल अधिकारी कर्नल जी.एम. खान ने जानकारी दी कि लोगों की तरफ से लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए अधीक्षण अभियंता श्री अतुल कुमार ने तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करने के निर्देश के तहत यह कदम उठाया गया। इस कार्रवाई का नेतृत्व नवनियुक्त अधिशासी अभियंता सूरज पाल ने किया। कार्रवाई के दौरान कोई विरोध या अव्यवस्था नहीं हुई और पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्वक संपन्न हुई। इस कार्रवाई में प्रवर्तन दल अधिकारी कर्नल जी.एम. खान के साथ अवर अभियंता श्री मयंक कुमार, टीम लीडर सुनीत कुमार, स्क्वाड कमांडर मोती प्रसाद तथा राजीव की अहम भूमिका रही।

अधीक्षण अभियंता अतुल कुमार ने स्पष्ट किया है कि आवासीय योजनाओं में नियमों के उल्लंघन एवं अवैध निर्माण के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार की सख़्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## अनुचित खानपान व अनियमित जीवन शैली से बढ़ रहे मधुमेह के मरीज

**आगरा एनएनआई।** द इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टड अकाउंट्स ऑफ इंडिया की आगरा शाखा की और से 77वे सीए स्थापना दिवस पर संजय प्लेस स्थित सीए भवन में सीए परिवारों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। शिविर की शुरूआत अध्यक्ष सीए गौरव सिंघल, सचिव सीए अंकित मित्तल,डॉ. अलोक मित्तल, डॉ. वरुण अग्रवाल, डॉ. शुभम जैन, डॉ. स्पर्श निगम , डॉ. राहुल उपाध्याय और डॉ. रितिका जैन कोषाध्यक्ष सीए करन पंजवानी, सीए साक्षी विवेक जैन और सिकासा अध्यक्ष सीए आयुष गोयल ने दीप प्रवज्जलित कर किया।



स्वास्थ्य शिविर में 56 मरीजों ने चिकित्सको से निःशुल्क परामर्श लियें। शिविर में डॉ. अलोक मित्तल, डॉ. वरुण अग्रवाल, डॉ. स्पर्श निगम ,डॉ. राहुल उपाध्याय और डॉ. रितिका जैन ने भी परामर्श दिए। इस अवसर पर सीए तूलिका बंसल, सीए आलोक अग्रवाल, सीए हिमांशु अग्रवाल, सीए सचिन बुबना, सीए अंकित सिंघल आदि मौजूद रहे।

## शंखनाद संग खुले श्रीजगन्नाथ जी के पट, भक्तों को दिए दर्शन

एनएनआई

**आगरा।** शंखनाद के साथ भगवान के पट खुले तो हर भक्त के मुख से हरि बोल के जयकारे गूंजने लगे। श्रद्धा से भरी आंखें नवयौवन भेष में श्रीजगन्नाथ जी, बहन सुभद्रा व भाई बलभद्र के 15 दिन बाद दर्शन पाकर एकटक निगाह से निहारते रहे। दोनों हाथ ऊपर उठाकर हरे राम हरे कृष्णा... के कीर्तन से मंदिर परिसर गुंजायमान हो उठा। श्वेत रंग की पोशाक धारण किए और मोगरे के फूलों से सजे श्रीजगन्नाथ जी के दर्शन को हर भक्त व्याकुल था। बीमारी से उठे श्रीहरि के लिए आज हर भक्त अपनी अपनी रसोई से स्वादिष्ट व्यंजन पकाकर लाए। मंदिर की रसोई में 56 प्रकार के चावल पकाए गए।



कमला नगर स्थित इस्कॉन मंदिर (श्रीजगन्नाथ मंदिर) में आज श्रीजगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव के तहत नयन उत्सव का आयोजन किया गया। आगरा इस्कॉन के अध्यक्ष अरविन्द प्रभु ने बताया कि बीमारी से उठे श्रहरि का हल्का श्रंगार कर आरती की। बताया कि मंदिर की रसोई में आज भोग के लिए 56 प्रकार के चावल (गुड़ के चावल, गन्ने के रस में पके चावल, चीनी के चावल, फीके चावल, नमकीन चावल) आदि पकाए गए। भक्तजन अपनी-अपनी रसोई से ढोकले, कचौड़ी, पूड़ी, मठरी, पराठा, तरह-तरह की सब्जियां, रसगुल्ले, बर्फी आदि पकवान पकाकर लाए। श्रीजगन्नाथ जी के पट खुलने से पहले हरे राम हरे कृष्णा... कीर्तन करते हुए भगवान की एक झलक पाने का इंतजार करते रहे। मंदिर परिसर को जगमग रोशनी व सुगंधित पुष्पों से सजाया गया।

आगरा इस्कॉन के अध्यक्ष अरविन्द प्रभु ने भगवान की आरती की। जगन्नाथ जी की प्रिय स्तुति गीत गोविन्द व जगन्नाथ अष्टकम के साथ हरे रामा, हरे कृष्णा कीर्तन पर भक्त भगवान के दर्शन करते हुए देर तक झूमते नाचते रहे।

# सीएचसी बाह में होगी स्त्री एवं प्रसूत रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति

एनएनआई

लखनऊ की उप महाप्रबंधक (मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम) ने बाह सीएचसी एवं फरैरा आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर परखी स्वास्थ्य सेवाएं




**बाह।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर फरैरा एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बाह में गुरुवार को प्रदेश की उप महाप्रबंधक (मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम) डॉ. सविता प्रधान एवं उनकी टीम ने महिलाओं को गर्भावस्था, प्रसव एवं प्रसव के बाद मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं की पड़ताल की। टीम पहले फरैरा के आयुष्मान आरोग्य मंदिर पहुंची,यहां पर गर्भवती और प्रसूताओं को मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी सीएचओ जुनैद से ली। आस पास की बस्ती में जाकर महिलाओं से फीडबैक लिया। इसके बाद बाह सीएचसी पर पहुंची। लैब में होने वाली रक्त की जांचों के बारे में जानकारी लेने के बाद लेबर रूम में पहुंची। यहां पर भर्ती गर्भवती और प्रसूताओं से मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में पूछताछ की। तीमारदारों से भी फीडबैक लिया। मातृ मृत्यु दर में कमी पर संतोष व्यक्त कर महिलाओं में रुग्णता को कम करने के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावी किए जाने के निर्देश दिए। इसके बाद ऑपरेशन थियेटर का निरीक्षण किया। जिले से 85 किमी दूर की सीएचसी पर सिजेरियन डिलेवरी के बारे में अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र वर्मा ने जानकारी दी। जिस पर उन्होंने सिजेरियन प्रसव का ट्रैक रिकॉर्ड देखा। लेकिन स्त्री एवं प्रसूत रोग विशेषज्ञ और निश्चेतक की नियुक्ती न होने की कमी का जिक्र किया। उन्होंने जल्द ही बाह सीएचसी पर महिला चिकित्सक की तैनाती का आश्वासन दिया। इसके बाद उन्होंने कोल्ड चेन कक्ष में वैक्सीन के रख रखाव का निरीक्षण किया। इस दौरान डीसीपीएम विजय सिंह, डीएमसीएच संगीता भारती, अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र वर्मा, डॉ. दीपक कुमार, डॉ. प्रमोद कुशवाह, संजय बघेल, सौरभ पाल, स्टाफ नर्स रीना, मयंक भदौरिया, अजय सविता आदि मौजूद रहे।

# कलवारी के मुख्य मार्गों पर नारकीय हालत

एनएनआई



**आगरा।** ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विकासखंड बिचपुरी ग्राम पंचायत कलवारी गांव कलवारी में प्राथमिक विद्यालय रोड की स्थिति टूटी फूटी एवं कीचड़ से लावालव है जिस रास्ते से होकर हजारों लोग निकालते हैं गांव का प्रमुख रास्ता है और यही रास्ता प्राथमिक विद्यालय के लिए जाता है।

रास्ते को देखकर लगता है कि बरसात के समय में दूषित पानी और गंदा कीचड़ जमा हो जाता है एक जुलाई से विद्यालय भी खुल जाएंगे रास्ते खराब होने के कारण विद्यालय जाने वाले विद्यार्थियों की शिक्षा भी प्रभावित होगी। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार ग्राम प्रधान से रोड को बनवाने की गुहार लगाई और ग्रामीण विधानसभा की विधायक बेबी रानी मौर्य क्षेत्र में दिखाई नहीं दे रही है मोदी और योगी सरकार विकास के बड़े-बड़े कार्य कर रहे हैं लेकिन विद्यालय को जाने वाले रास्ते भी सुरक्षित नहीं है उपरोक्त रास्ते अमृत कल और विकसित भारत में भी निर्माण कार्य नहीं हो पा रहे हैं उपरोक्त समस्या को लेकर ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से मीडिया के माध्यम से उपरोक्त विद्यालय मार्ग को बनवाने की मांग की है। पंचायत में विकास ना होने को लेकर क्षेत्रीय नागरिकों ने नाराजगी जतायी है।

## ट्रक की चपेट में आने से राहगीर की दर्दनाक मौत

**बाह** एनएनआई। जैतपुर आगरा मार्ग पर बाह में सब्जी मंडी के गेट पर तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। बुधवार रात 10.45 बजे के करीब पैदल राहगीर अशोक नगर बाह के 42 वर्षीय नीरज सोनी उर्फ धनऊ की दर्दनाक मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक शव के चिथड़े उड़ गये थे। सूचना पर पहुंची बाह पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया है। दुर्घटना के बाद चालक ट्रक समेत बाह थाने के सामने से होकर गुजर गया। लेकिन पकड़ा नहीं जा सका।



## चंबल नदी में डूबे शिव मंदिर पर बैठे युवक का वीडियो वायरल

**पिनाहट** एनएनआई। पिनाहट चंबल नदी में कोटा बैराज से पानी छोड़ने जाने के बाद चंबल नदी का जलस्तर बढ़ गया हैं जिसके चलते पिनाहट घाट चंबल नदी पर बना शिव मंदिर डूब गया हैं। गुरुवार को चंबल नदी में डूबे शिव मंदिर की चोटी पर एक युवक बैठा हुआ दिखाई दिया।जो चंबल नदी में बहकर आने वाली लड़कियों को पकड़ने के लिए बैठा हुआ है। वही सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद प्रशासनिक अधिकारियों में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार कोटा बैराज से पानी छोड़े जाने के बाद चंबल नदी का जलस्तर बढ़ गया है।चंबल नदी का जलस्तर 119 मीटर पर पहुंच गया। चंबल नदी का जलस्तर स्तर स्थिर होने के बाद एक मीटर घट गया है। चंबल नदी 118 मीटर पर रह गई है। चंबल नदी में बढे जलस्तर के चलते पिनाहट घाट चंबल नदी पर बना शिव मंदिर डूब गया था। गुरुवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें एक युवक पिनाहट घाट चंबल नदी पर बने शिव मंदिर की चोटी पर बैठा हुआ दिखाई दिया। जानकारो ने बताया कि युवक चंबल नदी में बहकर आने वाली लड़कियों को पकड़ने के लिए शिव मंदिर की चोटी पर बैठा था। वीडियो वायरल होने के बाद प्रशासनिक अधिकारियों में हड़कंप मच गया है।



## बोदला- बिचपुरी मार्ग बना दुर्घटना सम्भावित क्षेत्र

**आगरा** एनएनआई। बोदला से बिचपुरी रोड पर डिवाइडर रोड की लेवल में और क्षतिग्रस्त होने के कारण रोड पर चलने वाले वाहनों एवं राहगीरों को दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ता है जिसके शिकार कभी-कभी रोड के किनारे छोटी छोटी दुकान वाले एवं ग्रामीण भी होते हैं ग्रामीणों ने बताया है कि 5 साल पहले रोड से लगभग 2 फीट ऊंचा डिवाइडर था 5 साल से उपरोक्त रोड का कई बार निर्माण कार्य हो चुका है जिस कारण डिवाइडर रोड की लेवल में आ गया है जिस कारण एक रोड पर चलने वाले वहां अचानक अनियंत्रित होकर दूसरे रोड पर आकर रोड पर चलने वाले वाहनों से आपस में टकरा जाते हैं और दुर्घटना हो जाती है कभी-कभी इसके शिकार दुकान और सड़क किनारे पैदल चलने वाले राहगीर भी हो जाते हैं।

## साहित्य संगम की काव्य गोष्ठी में गूंजे कविताओ के स्वर




**बाह** एनएनआइ। साहित्य संगम के तत्वाधान में गुरुवार को बाह के गुरुकुल पब्लिक स्कूल में काव्य गोष्ठी की महफिल सजी। देश के प्रख्यात गीतकार विनोद सांवरिया ने जय श्रीराम के घोष के बीच अपनी कविता 'दीन दुखियों की ठार पर ढूंढो, तुम जटायु की पुकार पर ढूंढो, राम मिलते नहीं हैं महलों में, जाओ शबरी के द्वार पर ढूंढो' पर खूब तालियां बटोरी। नारायन हरि नमन ने अपनी कविता 'बदलते रोज कपड़ों से प्रिया-प्रियतम जहां में, अब जुबां पर हीर रांझा की कहानी कौन रखता है' से आज के प्यार की परिभाषा को रेखांकित किया। गणेश शर्मा विद्यार्थी ने 'भौतिक पतझड़ के बिन साधो, मन का सुखद बसंत नहीं है, इच्छाओं का अन्त नहीं है' के जरिए इंसान की बदली मानसिकता पर चोट की। काव्य गोष्ठी में देव नरायन शर्मा, राजन भदौरिया, मान सिंह 'मनहर', पवन शर्मा पवन, बंटी राजपूत, आशीष सरोज थापक, ब्रजेश कुमार, शाहिद महक, पंकज त्यागी, खुशी प्रजापति खुशबू ने काव्य पाठ किया। दीप प्रज्वलन पवन टाइगर ने, अध्यक्षता राजेश शर्मा वफा ने, संचालन विनोद सांवरिया ने किया।

## मोहर्रम को लेकर हुई शांति कमेटी की बैठक



**फतेहपुर सीकरी** एनएनआई। थाना परिसर में उपजिलाधिकारी नीलम तिवारी एवम एसीपी गौरव सिंह की अध्यक्षता में शान्ति कमेटी की बैठक हुई। बैठक में आगामी मुस्लिम पर्व मोहर्रम को लेकर विस्तृत चर्चा की। जुलूस के दौरान डीजे को तेज आवाज में नहीं बजाने एवं शस्त्र प्रदर्शन नहीं करने की चेतावनी दी गई। पूर्व में मोहर्रम पर्व पर हुई घटनाओं को लेकर सर्तकता बरतने के निर्देश दिए गए। कस्बे में मोहर्रम पर विभिन्न चौक चौराहों पर रखे जाने वाले ताजियों की व्यवस्थाओं पर, छह जुलाई को करबला पर व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति, जलापूर्ति, सफाई व्यवस्था पर भी चर्चा की गई। मोहर्रम जुलूस के दौरान मार्ग में विद्युत लाइन को सही कराने के लिए कहा गया। त्योहार को शांति सौहाद्र के साथ मनाए जाने की अपील की गई। इस दौरान-पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि शबनम मोहम्मद इस्लाम, बदरुद्दीन कुरैशी, हाजी साबिर, अफसार पहलवान, राशिद कुरैशी, पप्पू जाफरी, डॉ मुस्तकीम कुरैशी, इस्माइल खान, अल्ताफ कुरैशी, मुरारीलाल गोयल, मनोज सिंघल, हनी गोयल, मनीष बंसल, अजमेरी, होशियार सिंह, राजकुमार शास्त्री, मदन गोपाल गर्ग, कृपाल पहलवान, धर्मेंद्र प्रधान, राजेंद्र समाजसेवी, मुरादी उस्मानी, ओमकांत डागुर, अलीम चौधरी, बीरी सिंह बघेल मौजूद रहे।

newsnextindia1@gmail.com
हर खबर पर पक्की नज़र
न्यूज नेक्स्ट इंडिया


## संपादकीय

# युद्ध व संघर्ष विराम के मायने!



कतर के अमीर शेख की मध्यस्थता और अमरीका के राष्ट्रपति ट्रंप के प्रस्ताव पर ईरान और इजरायल में युद्धविराम करा दिया गया। यह लागू भी कर दिया गया है। यह सुखद बात है।अब यह यक्ष-प्रश्न सामने है कि इजरायल-ईरान युद्ध क्यों हुआ था? अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप ईरान की खामेनेई हुकूमत बदलना चाहते थे, लगातार हुंकारें भी भर रहे थे, लेकिन युद्धविराम कराते हुए और उसके बाद उनका कहना है कि सत्ता-परिवर्तन से अराजकता फैलती है, लिहाजा यह फैसला हम ईरानी अवाम पर छोड़ते हैं। क्या इस असमंजस के कारण ही युद्ध कराया गया था? अमरीका और इजरायल दोनों ही ईरान की परमाणु क्षमता नष्ट करना चाहते थे, ताकि ईरान परमाणु बम न बना सके। ईरान के परमाणु कार्यक्रमों को लेकर कई सवाल अब भी अनुत्तरित हैं।ईरान ने खुद को आईएईए (अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी) से अलग कर लिया है। अब न तो किसी निगरानी कैमरों, न नियमित रपट और न ही परमाणु ठिकानों के निरीक्षण की अनुमति ईरान आईएईए को देगा। इजरायल पर एनपीटी और आईएईए की कोई बाध्यता नहीं है और न ही वह हस्ताक्षरी देश है, लिहाजा उसकी परमाणु गतिविधियों और सुविधाओं पर संयुक्त राष्ट्र से संबद्ध किसी भी अंतरराष्ट्रीय संस्था का न तो कोई अंकुश है और न ही कोई निगरानी है। इजरायल परमाणु शक्ति सम्पन्न देश है और उसके पास 90 परमाणु बम बताए जाते रहे हैं। युद्धविराम के बाद भी ईरान की तरफ से बयान दिए गए हैं कि उनका परमाणु कार्यक्रम जारी रहेगा। युद्ध में ईरान का सबसे अहम और संवेदनशील नुकसान यह हुआ है कि इजरायल की सेना ने उसके 17 परमाणु वैज्ञानिक मार दिए हैं। यह क्षतिपूर्ति बेहद मुश्किल है। सवाल है कि ईरान का लेशमात्र परमाणु कार्यक्रम अस्तित्व में है, तो अमरीका और इजरायल ने अपने लक्ष्य हासिल कैसे किए? यदि लक्ष्य अधूरे रह गए, तो फिर युद्ध क्यों लड़ा गया था? ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर अमरीका और इजरायल ने पहली बार हमले नहीं किए हैं। करीब 15 साल पहले उन्होंने ह्यनतांजह्न परमाणु ठिकाने पर अत्यंत परिष्कृत साइबर हथियारों से हमला किया था। तब ईरान के करीब 20 फीसदी, करीब 5000 सेंट्रीफ्यूज, विस्फोट में मिट्टी-मलबा कर दिए गए थे, लेकिन ईरान ने उन्हें न केवल दोबारा बना लिया, बल्कि अधिक परिष्कृत उपकरण भी स्थापित किए। यानी ईरान परमाणु बम बनाने की प्रक्रिया में है। ये किसी के आरोप नहीं हैं, बल्कि आईएईए ने इन प्रक्रियाओं की पुष्टि की है। आईएईए ने कहा है कि अमरीकी हमले में नतांज और इस्फहान के अलावा फोर्डो के भूमिगत परमाणु कार्यक्रमों को भी ह्यमहत्वपूर्ण नुकसानह्न पहुंचा है। यूरेनियम संवर्धन संयंत्रों को कितना नुकसान पहुंचा है या वे बिल्कुल ही तबाह हो गए हैं, यह अभी नहीं कहा जा सकता। हमारे निरीक्षक वहां तक जाएंगे और निरीक्षण के बाद रपट देंगे कि हकीकत क्या है? इजरायल को युद्ध के कारण 1200 करोड़ डॉलर का घाटा उठाना पड़ा। करीब 60,000 छोटी-बड़ी कंपनियां इजरायल छोड़ कर चली गईं। उसे 1.9 अरब डॉलर का औद्योगिक नुकसान हुआ और 4.2 अरब डॉलर का बुनियादी ढांचा खंडहर हो गया। ईरान ने उसके तेल अवीव के सैन्य अड्डों, एयरबेस और दर्जनों इमारतों को तबाह कर दिया। ईरान को युद्ध के कारण 150-200 अरब डॉलर का नुकसान झेलना पड़ा। उसके 800-900 लोग मारे गए, जिनमें सेना के शीर्ष कमांडर भी शामिल थे। बेशक अमरीकी हमले में परमाणु ठिकानों में हजारों सेंट्रीफ्यूज नष्ट हो गए और सुरंगें ह्यमिट्टी-मलबाह्न हो गईं। ईरान की जीडीपी पर करीब 9.6 अरब डॉलर के नुकसान का अनुमान सामने आया है।क्या इस आर्थिक तबाही के लिए ही युद्ध लड़ा गया था? युद्धविराम के बाद मध्य-पूर्व की शांति और स्थिरता बेहद जरूरी है। गाजा में अब भी घेराबंदी, हमले और हत्याएं हैं।यदि ईरान की डांवाडोल स्थिति के कारण सीरिया, लीबिया, लेबनान, इराक आदि देशों में भी हालात नहीं सुधरते हैं, तो उससे आतंकवाद और क्षेत्रीय उग्रवाद का विस्तार होगा। उनसे अन्य खाड़ी देशों की आंतरिक सुरक्षा प्रभावित होगी। आतंकवाद की ह्यकाली छायाह्न भारत तक भी आ सकती है। दरअसल यह एक अजीब युद्ध था और उतनी ही नाटकीयता के साथ इस पर विराम घोषित किया गया।अमरीका आदतन इस युद्धविराम का भी श्रेय ले रहा है। युद्धविराम स्थायी और निश्चित होना चाहिए। युद्धविराम के बावजूद दोनों देश एक-दूसरे पर हमले करें, यह बेमानी है। न युद्ध के मायने हैं और न ही युद्धविराम का महत्व है।सभी मसलों का हल हथियारों और सैन्य हमलों से संभव नहीं है। इस मसले को आपसी बातचीत से सुलझाया जा सकता है।



# जगन्नाथ मंदिर में ध्वजा बदलना अनिवार्य

## एक दिन की भूल से हो सकता है अनिष्ट

पुरी की जगन्नाथ यात्रा भारत की सबसे पवित्र और प्रसिद्ध धार्मिक यात्राओं में गिनी जाती है। यह यात्रा हर साल आषाढ़ महीने के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि से शुरू होती है और दशमी तिथि तक चलती है। इस वर्ष यह यात्रा 27 जून से शुरू होकर 5 जुलाई तक संपन्न होगी। श्रद्धालुओं का यह विश्वास है कि इस यात्रा में भाग लेना और भगवान जगन्नाथ के दर्शन करना जीवन के कष्टों को दूर करता है। ऐसा माना जाता है कि जो व्यक्ति इस यात्रा में सच्चे मन से शामिल होता है, उसे न केवल शांति और सुख की प्राप्ति होती है, बल्कि मृत्यु के बाद मोक्ष भी मिलता है। जगन्नाथ मंदिर से कई रोचक कथाएं और परम्पराएं जुड़ी हुई हैं। इसी परम्परा में मंदिर के शीर्ष पर लगी हुई ध्वजा को बदलना भी शामिल है। जगन्नाथ मंदिर की ध्वजा केवल एक वस्तु नहीं, बल्कि श्रद्धा, रहस्य और भक्ति से जुड़ी हुई एक महान परंपरा है। आइये जानते हैं इसके बारे में विस्तार से।



पुरी स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर के मुख्य शिखर पर हर दिन शाम को ध्वजा बदली जाती है। यह कोई सामान्य प्रक्रिया नहीं, बल्कि एक धार्मिक अनिवार्यता मानी जाती है। पौराणिक मान्यता है कि यदि किसी दिन ध्वजा नहीं बदली गई, तो मंदिर 18 वर्षों तक स्वतः बंद हो जाएगा। इस मान्यता के पीछे यह विश्वास छिपा है कि भगवान जगन्नाथ की उपस्थिति और उनकी कृपा ध्वजा के माध्यम से आकाश की ओर फैलती है। यदि यह ध्वजा पुरानी, फटी या अनुपस्थित हो जाए, तो वह दिव्य ऊर्जा बाधित हो जाती है। इसलिए, हर दिन सूर्यास्त से पूर्व इसे बदला जाना आवश्यक है।

### ध्वजा की दिशा और प्राकृतिक रहस्य

श्री जगन्नाथ मंदिर की ध्वजा अपने आप में एक अनोखा रहस्य समेटे हुए है यह सदैव हवा की दिशा के विपरीत लहराती है। सामान्यतः समुद्र तटीय क्षेत्रों में हवा समुद्र से भूमि की ओर बहती है, लेकिन पुरी में यह नियम उलट जाता है। यहाँ हवा भूमि से समुद्र की ओर बहती है। अचरज की बात यह है कि मंदिर की ध्वजा इन प्राकृतिक हवाओं की विपरीत दिशा में फहराती है, जो वैज्ञानिक दृष्टिकोण से अब तक समझ नहीं आया है। यह रहस्य आज तक विज्ञान के लिए चुनौती है, लेकिन भक्तों के लिए यह भगवान जगन्नाथ की अलौकिक शक्ति का प्रमाण है।

### सेवा की 800 वर्षों पुरानी परंपरा

ध्वजा को बदलने का कार्य किसी साधारण व्यक्ति का नहीं, बल्कि पुरी के चोला परिवार का विशेष उत्तरदायित्व है। यह परिवार पिछले 800 वर्षों से यह सेवा लगातार निभा रहा है। इस सेवा को कोई आम धार्मिक कर्तव्य नहीं माना जाता, बल्कि यह भगवान के प्रति समर्पण, साहस और निष्कलंक परंपरा का प्रतीक है। मंदिर की शिखर तक चढ़कर, बिना किसी सुरक्षा उपकरण या मशीन के, प्रतिदिन सैकड़ों फीट ऊंचाई पर ध्वजा को चढ़ाना अत्यंत कठिन कार्य है। इस जोखिम भरे सेवा को यह परिवार श्रद्धा से निभाता है, जिससे यह परंपरा आज भी जीवित है।

### भगवान का स्वप्न और परंपरा की उत्पत्ति

ध्वजा को प्रतिदिन बदलने की परंपरा के पीछे एक पौराणिक कथा प्रचलित है। कहा जाता है कि एक समय भगवान जगन्नाथ ने मंदिर के सेवकों को स्वप्न में दर्शन दिए और संकेत दिया कि मंदिर पर लगी उनकी ध्वजा पुरानी और फटी हुई है। जब अगली सुबह सेवकों ने ध्यान दिया, तो वास्तव में ध्वजा जीर्ण अवस्था में थी। यह घटना भगवान की ओर से चेतावनी मानी गई और तभी से यह निर्णय लिया गया कि अब से प्रतिदिन नई ध्वजा अर्पित की जाएगी। इस तरह यह परंपरा आरंभ हुई, जो आज भी अक्षुण्ण बनी हुई है।

### ध्वजा का धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व

ध्वजा को केवल एक प्रतीकात्मक झंडा नहीं, बल्कि भगवान की जीवंत उपस्थिति का संकेत माना जाता है। यह मंदिर के शिखर पर फहराते हुए न केवल आकाश की ओर भगवान की सत्ता का संदेश देती है, बल्कि भक्तों को दूर से दर्शन का भी अवसर प्रदान करती है। ऐसी मान्यता है कि पुरानी ध्वजा नकारात्मक ऊर्जा को अपने अंदर समाहित कर लेती है। जब इसे हटाकर नई ध्वजा स्थापित की जाती है, तो वातावरण में सकारात्मकता, दिव्यता और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता है। ध्वजा में भगवान का तेज, बल और आशीर्वाद समाहित माना जाता है।

### ध्वजा निर्माण और अर्पण की प्रक्रिया

प्रतिदिन जो नई ध्वजा अर्पित की जाती है, वह विशेष रूप से तैयार की जाती है। यह ध्वजा लगभग 20 फीट लंबी त्रिकोणीय आकृति की होती है, जिस पर विशेष धार्मिक रंग और चिन्ह अंकित होते हैं। भक्तजन भी अकसर अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति हेतु भगवान को ध्वजा अर्पण करते हैं। ऐसी ध्वजाएं मंदिर के सेवकों को दी जाती हैं, जिन्हें अगले दिन शिखर पर चढ़ाया जाता है।

श्री जगन्नाथ मंदिर की ध्वजा दूर से ही दिखाई देती है। इसे देखने मात्र से भक्तों को पुण्य लाभ प्राप्त होता है। कई श्रद्धालु केवल ध्वजा के दर्शन के लिए ही मंदिर परिसर में आते हैं, क्योंकि इसे देखने से भगवान के दर्शन जैसा ही फल मिलता है।

ध्वजा की उपस्थिति बताती है कि भगवान मंदिर में विराजमान हैं, और उनके आशीर्वाद की ऊर्जा संपूर्ण दिशा में फैल रही है।

# मलाइका ने खास अंदाज में किया अर्जुन कपूर को बर्थडे विश



बॉलीवुड एक्टर अर्जुन कपूर 40 साल के हो गये हैं। वो अपना बर्थडे आज सेलिब्रेट कर रहे हैं। अर्जुन अपनी प्रोफेशनल लाइफ से ज्यादा पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में रहे हैं। अर्जुन कपूर बॉलीवुड डीवा मलाइका अरोड़ा को डेट कर चुके हैं। दोनों पिछले साल अलग हो गये थे। मगर अब लग रहा है कि मलाइका और अर्जुन का फिर से पैचअप हो गया है। मलाइका ने अर्जुन के बर्थडे पर पोस्ट शेयर करके उन्हें विश किया है। मलाइका ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट शेयर किया है। जिसमें उन्होंने अर्जुन को बर्थडे विश किया है। मलाइका ने एक बूमरेंग शेयर किया है जिसमें अर्जुन उछलते हुए नजर आ रहे हैं। उन्होंने बूमरेंग शेयर करते हुए लिखा- हैप्पी बर्थडे अर्जुन कपूर। बीते साल मलाइका ने अर्जुन के बर्थडे पर पोस्ट शेयर नहीं किया था और न ही उनके बर्थडे बैश में शामिल हुई थीं। उसके कुछ समय बाद अर्जुन कपूर ने एक इंटरव्यू में कंफर्म कर दिया था कि उनका ब्रेकअप हो गया है और वो सिंगल हैं। अर्जुन कपूर और मलाइका अरोड़ा साल 2019 से डेट कर रहे थे। मगर 2024 में दोनों अलग हो गए थे। ब्रेकअप के बाद भी अर्जुन मलाइका के साथ उनके मुश्किल समय में खड़े रहे थे। मलाइका के पिता के निधन के बाद अर्जुन उनके साथ खड़े रहे। उन्होंने मलाइका के बर्थडे पर विश नहीं किया था लेकिन एक क्रिप्टिक पोस्ट शेयर किया था। जिसमें लिखा था कभी भूलो मत की तुम कौन हो।मलाइका और अर्जुन अक्सर साथ में पार्टी करते नजर आते थे। इतना ही नहीं दोनों सोशल मीडिया पर एक-दूसरे के लिए प्यार दिखाने से भी पीछे नहीं हटते थे। खूब सारी फोटोज शेयर करते रहते थे। मलाइका और अर्जुन की साथ में फोटोज आज भी वायरल होती रहती हैं।





# अफवाहों का मेंटल हेल्थ पर असर नहीं पड़ा-सोनाक्षी

एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा जल्द ही फिल्म 'निकिता रॉय' में नजर आएंगी, जो एक हॉरर फिल्म है। एक्ट्रेस की शादी को 23 जून को एक साल हो गए हैं। एक्ट्रेस की शादी पर काफी विवाद हुआ था। अफवाहें उड़ी थीं कि बहन की शादी में भाई लव-कुश नहीं पहुंचे थे। एक्ट्रेस ने अब अपने भाइयों लव और कुश सिन्हा के साथ अनबन की अफवाहों पर बात की है। सोनाक्षी ने बताया कि इन अफवाहों का उनके मेंटल हेल्थ पर असर नहीं पड़ा। उन्होंने आईएएनएस से बातचीत में कहा, 'मैं इन बातों पर ज्यादा ध्यान नहीं देती। मैं इन्हें ज्यादा सोचती भी नहीं।' उन्होंने अपनी नई फिल्म 'निकिता रॉय' में भाई कुश के साथ काम करने के अनुभव के बारे में बताया। वे बोलीं कि सेट पर पहुंचते ही वह पूरी तरह काम के मूड में आ जाती हैं। 'दबंग' फेम सोनाक्षी ने कहा, 'मैंने कई नए डायरेक्टर्स के साथ काम किया है। मैं हमेशा उनकी हर तरह से मदद करती हूं, चाहे वह मेरा 15 साल का अनुभव हो या समझ। नए डायरेक्टर्स नई एनर्जी और नजरिया लाते हैं, जो मुझे रोमांचित करता है।'कुश सिन्हा के निर्देशन के बारे में सोनाक्षी ने बताया, 'वह अपनी फिल्म को लेकर शुरू से स्पष्ट थे।

## ऑस्ट्रेलिया-विंडीज टेस्ट में बवाल, कैरी के कैच पर विवाद

# कोच सैमी ने अंपायरों पर लगाए गंभीर आरोप



बारबाडोस। ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर कैरी ने डाइव लगाकर गेंद पकड़ी और कैच की अपील की। इस पर फील्ड अंपायर्स ने फैसले को टीवी अंपायर को रेफर किया। टीवी अंपायर ने रिप्ले देखने के बाद वेस्टइंडीज के विकेटकीपर बल्लेबाज शाई होप को आउट देने का फैसला किया। होप ने अपनी 48 रन की पारी में 91 गेंदें खेलीं और पांच चौके लगाए। वेस्टइंडीज और ऑस्ट्रेलिया के बीच बारबाडोस में खेला जा रहा टेस्ट रोमांचक मोड़ पर पहुंच चुका है। दो दिन के अंदर तीसरी पारी की शुरूआत हो चुकी है। पहले बैटिंग करते हुए ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 180 रन पर सिमट गई थी। जवाब में वेस्टइंडीज ने अपनी पहली पारी मं 190 रन बनाए और कंगारुओं पर 10 रन की बढ़त हासिल की। वहीं, ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक चार विकेट पर 92 रन बना लिए हैं। कंगारुओं की बढ़त 82 रन की हो चुकी है। टेस्ट में अभी तीन दिन बचे हैं और ऐसे में नतीजा आना तय माना जा रहा है। हालांकि, इस टेस्ट में ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर एलेक्स कैरी के एक कैच पर विवाद हो गया है। वेस्टइंडीज के कोच डैरेन सैमी ने अंपायरों पर पक्षपात के गंभीर आरोप लगाए हैं। कैरी के कैच की वजह से शाई होप को पवेलियन लौटना पड़ा।

### क्या है पूरा मामला?

दरअसल, वेस्टइंडीज ने अपनी पहली पारी के दौरान 72 रन पर पांच विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद कप्तान रोस्टन चेज और शाई होप के बीच साझेदारी हुई। दोनों ने संभल कर बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज को 130 रन के पार पहुंचाया। पारी के 58वें ओवर में होप जब 48 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे थे तो ब्यू वेबस्टर की एक गेंद होप के बल्ले का किनारा लेकर विकेटकीपर कैरी के पास पहुंची। कैरी ने डाइव लगाकर गेंद पकड़ी और कैच की अपील की। इस पर फील्ड अंपायर्स ने फैसले को टीवी अंपायर को रेफर किया। टीवी अंपायर ने रिप्ले देखने के बाद होप को आउट देने का फैसला किया। होप ने अपनी पारी में 91 गेंदें खेलीं और पांच चौके लगाए।

**फटाफट क्रिकेट का रोमांच होगा दोगुना!**

# आईसीसी ने प्लेइंग कंडीशन में किया बदलाव

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने गुरुवार को टी20 मैचों के लिए नए पावरप्ले नियमों की घोषणा की। ये नियम उन मैचों के लिए होंगे जिनमें किसी वजह से ओवर काट लिए गए हों और पूरे 20 ओवर का खेल संभव न हो। आईसीसी ने बताया कि टी20 के लिए नए प्लेइंग कंडीशन में पावरप्ले के दौरान कितने फील्डर्स को 30 यार्ड सर्कल से बाहर रहने की अनुमति होगी। आईसीसी के इस फैसले से टी20 क्रिकेट का रोमांच दोगुना हो सकता है।

ये नियम जुलाई से लागू कर दिए जाएंगे। इसके मुताबिक, अगर किसी पारी के शुरू होने से पहले ओवर घटाकर आठ ओवर का कर दिया जाता है, तो उसमें अब 2.2 ओवर का पावरप्ले होगा। पावरप्ले के दौरान 30 यार्ड सर्कल के बाहर सिर्फ दो फील्डर्स रहेंगे। पहले अगर किसी पारी में आठ ओवर का खेल कर दिया जाता था तो तीन ओवर का पावरप्ले होता था। इसी तरह नए नियम के मुताबिक, अब पांच ओवर की पारी में 1.3 ओवर का पावरप्ले होगा।

आईसीसी की वेबसाइट पर तालिका में कहा गया है कि छह ओवर की पारी के लिए 1.5 ओवर पावरप्ले के होंगे, सात ओवर की पारी के लिए 2.1 ओवर पावरप्ले के होंगे, आठ ओवर की पारी के लिए 2.2 ओवर, जबकि नौ ओवर की पारी के लिए 2.4 ओवर पावरप्ले के होंगे। 10 ओवर की पारी के लिए तीन ओवर पावरप्ले के होंगे। 11 ओवर की पारी के लिए 3.2 ओवर पावरप्ले के होंगे, 12 ओवर की पारी के लिए 3.4 ओवर पावरप्ले के होंगे।

इसी प्रकार, 13 ओवर की पारी के लिए 3.5 ओवर का पावरप्ले होगा, 14 ओवर की पारी के लिए 4.1 ओवर 3 का पावरप्ले होगा, 15 ओवर की पारी के लिए 4.3 ओवर का पावरप्ले होगा और 16 ओवर की पारी के लिए 4.5 ओवर का पावरप्ले का नियम बनाया गया है। इससे ज्यादा ओवर की पारी होने पर पावरप्ले के ओवर्स नहीं कटेंगे , यानी छह ओवर का ही पावरप्ले होगा।

**पाथुम निसांका ने बांग्लादेश के खिलाफ जड़ा शतक**

# श्रीलंका ने हासिल की बढ़त

**कोलंबो।** सलामी बल्लेबाज पाथुम निसांका के शतक और दिनेश चांदीमल की अर्धशतकीय पारी की मदद से श्रीलंका ने बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन पहली पारी में दो विकेट पर 290 रन बनाए। श्रीलंका ने बांग्लादेश की पहली पारी 247 रन पर ऑलआउट की थी और इस तरह उसे अब तक 43 रनों की बढ़त हासिल हो गई है। स्टंप्स के समय निसांका 238 गेंदों पर 18 चौकों की मदद से 146 रन और प्रभात जयसूर्या पांच रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे।



बांग्लादेश की ओर से अब तक तैजुल इस्लाम और नईम हक को एक-एक विकेट मिले हैं।

श्रीलंका को बढ़त दिलाने में निसांका का अहम योगदान रहा जिन्होंने लगातार दूसरी शतकीय पारी खेली। पिछले हफ्ते गॉल में उन्होंने 187 रन बनाए थे। निसांका ने दिनेश चांदीमल के साथ दूसरे विकेट के लिए 194 रन की साझेदारी की। चांदीमल अपने शतक से सात रन दूर 93 रन पर नईम की गेंद पर रिर्वस स्वीप के प्रयास में विकेटकीपर के हाथों कैच आउट हो गए। चांदीमल पहली बार 90 रन से ज्यादा के स्कोर पर आउट हुए।

### निसांका-लाहिरू ने दिलाई मजबूत शुरूआत

बांग्लादेश को पहली पारी में समेटने के बाद श्रीलंका को निसांका और लाहिरू उदारा ने 88 रन बनाकर तेज शुरूआत दिलाई, लेकिन तैजुल इस्लाम ने लंच के बाद यह भागीदारी तोड़ दी। उदारा ने 65 में 40 रन बनाए। निसांका ने चाय ब्रेक के बाद राणा के खिलाफ चौका लगाकर 167 गेंद में अपना चौथा टेस्ट शतक पूरा किया। इससे पहले बांग्लादेश ने आठ विकेट पर 220 रन से आगे खेलना शुरू किया और 27 रन जोड़कर अंतिम दो विकेट गंवा दिए। डेब्यू करने वाले बाएं हाथ के स्पिनर सोनल दिनुषा ने 22 रन देकर तीन विकेट झटके और तेज गेंदबाज असिथा फर्नांडो ने 51 रन देकर तीन विकेट प्राप्त किए।

**ब्रिजटाउन टेस्ट**

# ऑस्ट्रेलिया पहली पारी में 180 पर ऑलआउट

### हेड का अर्धशतक, सील्स 5, जोसेफ ने 4 विकेट लिए



**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला ब्रिजटाउन के केंसिंग्टन ओवल स्टेडियम में खेला जा रहा है। मेहमान टीम ऑस्ट्रेलिया मैच के पहले दिन बुधवार को पहली पारी में 180 रन पर ऑलआउट हो गई। दिन का खेल खत्म होने तक वेस्टइंडीज ने 4 विकेट खोकर 57 रन बना लिए हैं। ब्रैंडन किंग (23) और कप्तान रोस्टन चेज (1) नाबाद लौटे। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों का पहली पारी में काफी निराशाजनक प्रदर्शन रहा। टीम के केवल चार बल्लेबाज ही दहाई का आंकड़ा छू सके। ट्रेविस हेड 59, उस्मान ख्वाजा 47, कप्तान पैट कमिंस 28 और ऑलराउंडर ब्यू वेबस्टर ने 11 रन बनाए। वेस्टइंडीज की तरफ से पहली पारी में जेडन सील्स और शमार जोसेफ ने शानदार गेंदबाजी की। सील्स अपने 15 .5 ओवरों के स्पेल में पांच विकेट झटके। जबकि जोसेफ ने 16 ओवरों के स्पेल में चार विकेट लिए। इन दोनों गेंदबाजों के अलावा जस्टिन ग्रीव्स ने एक विकेट हासिल लिया।

## शुक्रवार, 27 जून राशिफल

मेष राशि के जातकों के लिए आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने के नए अवसर मिल सकते हैं, जिससे आमदनी बढ़ने के आसार हैं। अगर आप करियर को लेकर चिंतित थे तो आज कोई अच्छी खबर सुनने को मिल सकती है।

वृषभ राशि वालों के लिए आज का दिन मिलाजुला रह सकता है। कारोबार में आपको कोई गुप्त योजना बनानी होगी और उसे किसी से साझा करने से बचें, वरना रुकावटें आ सकती हैं। शेयर बाजार या सट्टेबाजी में पैसा लगाना नुकसानदायक हो सकता है।

मिथुन राशि के जातकों के लिए आज का दिन भाग्य के लिहाज से अच्छा रहने वाला है। अगर आपने भविष्य के लिए कुछ योजनाएं बनाई हैं तो उनके सफल होने के आसार हैं। किसी भी नए काम की शुरूआत में किस्मत आपका साथ देगी और अच्छा लाभ हो सकता है।

कर्क राशि वालों को आज मिश्रित परिणाम मिल सकते हैं। अगर आप अपने काम को लेकर किसी उलझन में हैं तो किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह लें। फायदा होगा। अधूरा काम भी आज पूरा हो सकता है। भाई-बहनों से मदद की जरूरत पड़ी तो वह आसानी से मिल जाएगी।

सिंह राशि के जातकों का आज का दिन अच्छा रहने वाला है। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। अगर आपके मन में बिजनेस से जुड़ी कोई योजना है तो उस पर तुरंत काम शुरू करें। पार्टनरशिप में काम करना आपके लिए फायदेमंद रहेगा और आप अच्छा निवेश भी कर सकते हैं।

कन्या राशि के जातकों को आज सेहत से जुड़ी दिक्कत हो सकती है। इसलिए अपने स्वास्थ्य का खास ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में आपको मेहनत का अच्छा फल मिलेगा, जिससे मन खुश रहेगा। कोई दूर का रिश्तेदार मिलने आ सकता है।

तुला राशि के जातकों का आज का दिन अच्छा रहने वाला है। खासकर आपको कारोबार में लाभ होगा। अगर कोई काम अटक रहा था तो वह आज पूरा हो सकता है। इससे आपको राहत महसूस होगी। आप दोस्तों के साथ पिकनिक पर जा सकते हैं।

आज वृश्चिक राशि के जातक शिक्षा और धार्मिक कार्यों में बेहतर करेंगे। आज आपकी मुलाकात कुछ प्रभावशाली लोगों से हो सकती है, जो आपको भविष्य में फायदा दिला सकते हैं। छात्र अगर पढ़ाई में पूरा ध्यान लगाएंगे और फिजूल के कामों से दूरी बनाएंगे तो सफलता मिल सकती है।

धनु राशि के जातकों के लिए आज का दिन खुशियां लेकर आ सकता है। आज जरूरी कार्यों को पहले निपट लें। वरना बेकार के कामों में समय जाया हो सकता है। सेहत से जुड़ी कोई समस्या हो तो उसे नजरअंदाज न करें। किसी दोस्त से अच्छी खबर मिल सकती है।

मकर राशि के जातकों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। नौकरीपेशा जातकों को पदोन्नति मिल सकती है। ऑफिस में आप कुछ नया करने की कोशिश कर सकते हैं। पार्टनरशिप में काम करने में लाभ हो सकता है, लेकिन हर चीज पहले से जांच लें।

कुंभ राशि के जातकों के लिए आज का दिन नई शुरूआत करने के लिए अच्छा है। अचानक धन मिलने से आप खुश हो जाएंगे। प्रॉपर्टी का काम करने वालों को बड़े निवेश से फायदा मिलेगा। परिवार में शांति रहेगी। अगर किसी से अनबन चल रही थी तो आज वह खत्म हो सकती है।

मीन राशि के जातकों को आज दोस्तों का पूरा साथ मिलेगा। उनकी मदद से आपके काम पूरे होंगे। आज का दिन विद्यार्थियों के लिए शुभ है। किसी प्रतियोगी परीक्षा में आपको अपेक्षित सफलता मिल सकती है। आज आपकी वाणी में मधुरता रहेगी जिससे आप लोगों को दिल जीत लेंगे।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# श्रावण मेले से पहले बल्केश्वर में व्यवस्थाएं हों चाकचौबंदः मेला समिति

**बल्केश्वर मेला समिति ने नगर निगम को सौंपा ज्ञापन**

एनएनआई



**आगरा।** श्रावण मास में बल्केश्वर महादेव मंदिर पर लगने वाला धार्मिक-सांस्कृतिक मेला इस बार भी 20 जुलाई से शुरू होगा। इसी दिन से चारों दिशाओं के शिवालयों की परिक्रमा करने वाले हजारों शिवभक्त बल्केश्वर में दर्शन को पहुंचेंगे। गुरुवार को बल्केश्वर महादेव मेला समिति ने मेले और परिक्रमा मार्ग की व्यवस्थाओं को लेकर नगरायुक्त के नाम ज्ञापन, अपर नगर आयुक्त शिशिर कुमार को सौंपा। ज्ञापन में सफाई, विद्युत व्यवस्था, लाइट सुधार, जलभराव से मुक्ति, सड़क मरम्मत, बैरिकेडिंग, स्नान के लिए नलों की व्यवस्था, शौचालय-बायो टॉयलेट, आवारा पशुओं की रोकथाम और बिजली के खंभों पर प्लास्टिक कवर लगाने की मांग की गई ताकि बरसात के दौरान दुर्घटना से बचा जा सके। ज्ञापन सौंपने वालों में मेला समिति संयोजक पार्षद मुरारीलाल गोयल, पार्षद हरिओम गोयल, अध्यक्ष महेश निषाद, पूर्व पार्षद विमल गुप्ता, ब्रह्मा गुप्ता, निखिल गोयल, स्पर्श जैन बिट्टू, मुकेश शर्मा शामिल रहे।

# झूलेलाल मंदिर में चंद्र दर्शन पर भजन-सत्संग का आयोजन

- जेको चवंदो झूलेलाल तहींजा थिंदा बेड़ा पार... के जयघोष से गूंजा मंदिर परिसर

एनएनआई



**आगरा।** श्री झूलेलाल मंदिर ताजगंज में चंद्र दर्शन के अवसर पर झूलेलाल महिला मंडली एवं झूलेलाल मित्र मंडल ने भजन-सत्संग का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरूआत सिंधी समाज के आराध्य इष्टदेव भगवान झूलेलाल की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पण व पावन ज्योति प्रज्वलन से हुई। सभी श्रद्धालुओं ने साईं झूलेलाल की महिमा का गुणगान करते हुए श्रद्धा-भाव से आराधना की। महिला मंडली द्वारा सिंधी भजनों की प्रस्तुतियों से वातावरण भक्तिमय हो गया। भक्तगण नृत्य करते हुए चंद्र दर्शन महोत्सव का आनंद लेते नजर आए। कार्यक्रम में जेको चवंदो झूलेलाल, तहींजा थिंदा बेड़ा पार जैसे जयघोषों के साथ साईं की आरती, पल्लव की अरदास संपन्न हुई।

इसके बाद भंडारे में मीठे चावल, तेहरी व छोले का प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में मंडली अध्यक्ष लक्ष्मी ज्ञानचंदानी, दादी पकानी, चांदनी भोजवानी, केसर आसवानी, पूजा मोटवानी, भावना बसरानी, दिव्या मोटवानी, रेखा आडवानी, नंदिनी तुलसानी, वानी बसरानी, प्रगति, मानसी, मीनाक्षी, पुष्पा, कशिश, सोनी, लीला, मीरा, शशि, कंचन, सपना, भारती, भगवंतिदेवी सहित समस्त झूलेलाल मित्र मंडल के सदस्य उपस्थित रहे।

# गोपूजन, शिवलिंग अभिषेक और भजन संध्या से गूंजेगा सूरसदन

- नवदिवसीय गौ महिमा महोत्सव की तैयारियां शुरू

एनएनआई



**आगरा।** सेवा आगरा संस्था की ओर से गौ महिमा महोत्सव के लिए गुरुवार को सुल्तानगंज पुलिया के पास सेवा भवन में प्रथम कार्यकारी कार्यालय का शुभारंभ किया गया। संतों, गौ सेवकों व समाजसेवियों ने दीप प्रज्वलन व नारियल फोड़कर शुरूआत की। 'गोमाता की जय' और हर-हर महादेव के जयघोष से माहौल भक्तिमय हो गया। पार्षद मुरारीलाल गोयल व ऋषि उपाध्याय ने बताया कि 14 से 21 जुलाई तक सूरसदन में महोत्सव होगा। सुबह सवा लाख पार्थिव शिवलिंग अभिषेक, गोपूजन, दान और संतों के आशीर्वचन होंगे। शाम 4 से 8 बजे तक रसराज महाराज शिव महापुराण कथा सुनाएंगे। चित्र-विचित्र बाबा और साध्वी पूनम दीदी भजन प्रस्तुत करेंगी। पूर्व पार्षद कुंदनिका शर्मा, ममता सिंघल और कुमकुम उपाध्याय ने बताया कि 14 जुलाई सुबह 9 बजे राधाकृष्ण मंदिर, नेहरू नगर से सूरसदन तक मंगल कलश यात्रा निकलेगी। 1500 महिलाएं कलश लेकर शामिल होंगी। कार्यक्रम में सनातन केसरी, अरविंद बाबा, विजय ओझा, मुरारीलाल गोयल, सुमन गोयल, ऋषि उपाध्याय, कुंदनिका शर्मा, अमित ग्वाला, प्रवीण भारद्वाज, ममता सिंघल, कुमकुम उपाध्याय, आशा अग्रवाल, शशि गुप्ता, मीनाक्षी शर्मा, उमादत्त शर्मा, हरिओम गोयल, आदर्श नंदन गुप्त, गिर्राज बंसल, नितेश बंसल, विजय वर्मा, नीता बत्रा, विवेक शर्मा, श्वेता शर्मा, मीरा माहेश्वरी, सविता आदि।

# नशीली दवाएं युवाओं के शौर्य और शील को कर रहीं नष्टः प्रो. पीबी झा

**आगरा कॉलेज में नशीली दवाओं के विरोध में रैली व संगोष्ठी का आयोजन**



आगरा (एनएनआई)। अंतर्राष्ट्रीय नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी विरोधी दिवस पर आगरा कॉलेज के एनसीसी आर्मी विंग ने जन-जागरूकता रैली एवं संगोष्ठी का आयोजन किया। रैली की शुरूआत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सीके गौतम ने हरी झंडी दिखाकर की। रैली का नेतृत्व कंपनी कमांडर कैप्टन अमित अग्रवाल ने किया। रैली आगरा कॉलेज से महात्मा गांधी रोड और गोकुलपुरा क्षेत्र में भ्रमण करती हुई पुनः कॉलेज परिसर में समाप्त हुई। रैली में कैडेट्स ने लोगों को नशे की लत और अवैध तस्करी के खतरों के बारे में जागरूक किया। इसके उपरांत कॉलेज के सेमिनार हॉल में संगोष्ठी आयोजित हुई, जिसका उद्घाटन उप-प्राचार्य प्रो. पी.बी. झा ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा, कि नशीली दवाएं युवाओं के शौर्य और शील को नष्ट कर देती हैं। यह लत केवल व्यक्ति नहीं, पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करती है। संगोष्ठी में प्रो. भूपाल सिंह, कैडेट कृति, राखी, विशाल रावत और आर्यन पचौरी ने भी विचार रखे। संचालन सार्जेंट समायरा ने किया। इस अवसर पर यूओ लवकुश, तमन्ना, मुब्शिरा, कृष्णा, हिमांशु, आकाश सोलंकी, संजना, मोहित, हिमांशी, अदिति व उमा शर्मा सहित अनेक कैडेट्स उपस्थित रहे।

# वृक्षारोपण को जनआंदोलन बनाएंः सीडीओ प्रतिभा सिंह

**हर पौधे की होगी जियो टैगिंग, 'हरितिमा ऐप' से होगी निगरानी**

आगरा (एनएनआई)। मुख्य विकास अधिकारी प्रतिभा सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला वृक्षारोपण, गंगा एवं पर्यावरण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में वृक्षारोपण महाअभियान को सफल बनाने के लिए दिशा-निर्देश दिए गए। प्रभागीय वन अधिकारी राजेश कुमार ने कहा कि पौधों की गुणवत्ता और सुरक्षित परिवहन इस अभियान की सफलता की कुंजी हैं। उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित किया कि 'हरितिमा ऐप' के माध्यम से सभी पौधों की जियो टैगिंग की जाए ताकि निगरानी पारदर्शी हो। वन विभाग की ओर से प्रत्येक चार विभागों पर एक-एक समन्वयक नियुक्त करने का निर्णय लिया गया, जिससे बेहतर तालमेल हो सके। बैठक में यह तय हुआ कि वृक्षारोपण को सिर्फ सरकारी कार्य नहीं, बल्कि समाज सेवा और नैतिक कर्तव्य के रूप में अपनाया जाए। जनप्रतिनिधियों और समाज की भागीदारी को भी जरूरी बताया गया। वन महोत्सव के दौरान जन्मे बच्चों को मिलेगा 'ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट' और टिम्बर प्लांट इस अभिनव पहल के माध्यम से लोगों को हरित निवेश की प्रेरणा दी जाएगी। साथ ही, पौधों की जड़ों में प्रयुक्त पॉलीथीन को इकट्ठा कर उसका रीसायक्लिंग करने की बात भी कही गई। सीडीओ प्रतिभा सिंह ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि वृक्षारोपण में विद्यालयों के बच्चों, युवाओं और स्वयंसेवी संस्थाओं को सक्रिय रूप से शामिल किया जाए, जिससे आगामी पीढ़ियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति चेतना और सहभागिता बढ़े।



